Daily
THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
द फोटोन न्यूज Published from Ranchi
Ranchi ● Thursday, 17 April 2025 ● Year : 03 ● Issue : 92 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : ₹3 ● www.thephotonnews.com
E-Paper : epaper.thephotonnews.com

12
Shilpa Shetty's Red Carpet...

SHARE

संसेक्स	:	77,044.29
निफ्टी	:	23,437.20

SARAFA

सोना	:	8,995
चांदी	:	110.00

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

BRIEF NEWS

सोने ने बनाया नया रिकॉर्ड पहली बार 94 हजार पार

NEW DELHI : बुधवार को सोने के दाम ने नया ऑल टाइम हाई बनाया। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम ₹1,387 बढ़कर ₹94,489 पर पहुंच गया। इससे पहले 10 ग्राम सोने की कीमत ₹93,102 थी। एक किलो चांदी की कीमत ₹373 बढ़कर ₹95,403 प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी का भाव ₹95,030 प्रति किलो था। वहीं 28 मार्च को चांदी ने ₹1,00,934 और 11 अप्रैल को सोने ने ₹93,353 का हाई बनाया था। अमेरिका की टैरिफ पॉलिसी के कारण ट्रेड वॉर का खतरा बढ़ गया है। इससे इकोनॉमी के बढ़ने की रफ्तार धीमी हो सकती है। ग्लोबल मंदी की आशंका भी बढ गई है। ऐसे में लोग सोने में अपना निवेश बढ़ा रहे हैं। मंदी के समय सोने को सुरक्षित निवेश माना जाता है। डॉलर के मुकाबले रुपये के कमजोर होने से सोने की कीमतों में तेजी आई है।

मुर्शिदाबाद के दंगे पूर्व नियोजित : ममता बनर्जी

KOLKATA : बुधवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मुर्शिदाबाद में हाल में हुई सांप्रदायिक हिंसा को पूर्व नियोजित करार दिया और साथ ही सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), गृह मंत्रालय के तहत आने वाली केंद्रीय एजेंसियों के एक वर्ग तथा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर कथित तौर पर बांग्लादेश से सीमा पार घुसपैठ कराकर तनाव बढ़ाने का आरोप लगाया। ममता बनर्जी ने मुस्लिम धार्मिक नेताओं के साथ एक बैठक को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से दमनकारी वक्फ (संशोधन) अधिनियम को लागू नहीं करने का आग्रह किया और चेतावनी दी कि यह कानून देश को विभाजित करेगा। ममता ने प्रधानमंत्री मोदी से केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को नियंत्रण में रखने का अनुरोध किया और उन पर अपने राजनीतिक एजेंडे के लिए देश को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया।

महादेव सट्टेबाजी एप से जुड़े मामले में कई राज्यों में रेड

NEW DELHI : बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी एप से जुड़े धनशोधन मामले में ईजमाईट्रिप के संस्थापक निशांत पिट्टी के कई राज्यों में स्थित ठिकानों पर फिर से छापेमारी की। ईडी की यह छापेमारी दिल्ली, मुंबई, चंडीगढ़, अहमदाबाद, इंदौर, जयपुर, चेन्नई और ओडिशा के संबलपुर स्थित ठिकानों पर हुई। आधिकारिक ने बताया कि ईडी ने महादेव सट्टेबाजी एप से जुड़े धनशोधन मामले में निशांत पिट्टी के ठिकानों सहित कई राज्यों में नए सिरे से छापेमारी की। ईडी इसके पहले भी इस मामले में छापेमारी कर चुकी है। यह मामला तब सामने आया था जब ईडी ने कुछ साल पहले दावा किया था कि छत्तीसगढ़ के कई राजनेता और नौकरशाह एप से जुड़े अवैध संचालन और उसके बाद हुए मौद्रिक लेनदेन में कथित रूप से शामिल हैं।

सीजेआई की अध्यक्षता वाली पीठ में वक्फ संशोधन अधिनियम पर सुनवाई, सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से पूछा-

क्या मुस्लिम लोग हिंदू ट्रस्ट का होंगे हिस्सा

NEW DELHI @ PTI : बुधवार को सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान केंद्र से पूछा कि क्या मुसलमानों को हिंदू धार्मिक ट्रस्टों का हिस्सा बनने की अनुमति दी जाएगी। प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से पूछा कि उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ को कैसे अस्वीकृत किया जा सकता है, क्योंकि कई लोगों के पास ऐसे वक्फों को पंजीकृत कराने के लिए अपेक्षित दस्तावेज नहीं होंगे। उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ से तात्पर्य ऐसी प्रथा से है, जिसमें किसी संपत्ति को धार्मिक या धर्मार्थ बंदोबस्ती (वक्फ) के रूप में मान्यता उसके ऐसे प्रयोजनों के लिए दीर्घकालिक, निर्बाध उपयोग के आधार पर दी जाती है, भले ही मालिक द्वारा वक्फ की कोई औपचारिक, लिखित घोषणा न की गई हो। पीठ ने कहा, आप उपयोगकर्ता द्वारा ऐसे वक्फ को कैसे पंजीकृत करेंगे। उनके पास कौन से दस्तावेज होंगे। इससे कुछ पूर्ववत हो जाएगा। हां, कुछ दुरुपयोग है। लेकिन, वास्तविक भी हैं। मैंने प्रिवी काउंसिल के फैसलों को भी पढ़ा है। उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ को मान्यता दी गई है। यदि आप इसे पूर्ववत करते हैं तो यह एक समस्या होगी। विधायिका किसी निर्णय, आदेश या डिक्री को शून्य घोषित नहीं कर सकती। आप केवल आधार ले सकते हैं।

कोर्ट ने जोर देकर कहा- विधायिका किसी निर्णय, आदेश या डिक्री को नहीं घोषित कर सकती शून्य

आप अतीत को दोबारा नहीं लिख सकते : पीठ

कोर्ट में मेहता ने कहा कि मुसलमानों का एक बड़ा वर्ग वक्फ अधिनियम के तहत शासित नहीं होना चाहता। पीठ ने इसके बाद मेहता से पूछा, क्या आप यह कह रहे हैं कि अब से आप मुसलमानों को हिंदू बंदोबस्ती बोर्ड का हिस्सा बनने की अनुमति देंगे। इसे खुलकर कहें। पीठ ने कहा, आप अतीत को दोबारा नहीं लिख सकते। मेहता ने कहा कि संयुक्त संसदीय समिति ने 38 बैठकें की और संसद के दोनों सदनों द्वारा इसके पारित होने से पहले 98.2 लाख ज्ञापनों की पड़ताल की।



हम दोनों पक्षों से करना चाहते हैं बात : प्रधान न्यायाधीश

प्रधान न्यायाधीश खन्ना ने यह भी कहा कि एक उच्च न्यायालय को इन याचिकाओं पर विचार करने के लिए कहा जा सकता है। उन्होंने कहा, दो पहलू हैं जिन पर हम दोनों पक्षों से बात करना चाहते हैं। सबसे पहले, क्या हमें इस पर विचार करना चाहिए या इसे उच्च न्यायालय को सौंप देना चाहिए। दूसरा, संक्षेप में बताएं कि आप वास्तव में क्या आग्रह कर रहे हैं और क्या तर्क देना चाहते हैं। हम यह नहीं कह रहे हैं कि कानून के खिलाफ

दोनों सदनों से कानून पारित होने से पहले की गई 98.2 लाख ज्ञापनों की पड़ताल : एसजी

5 वर्षों से इस्लाम का पालन करने का मुद्दा

याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने वक्फ संशोधन अधिनियम का हवाला दिया और कहा कि वह उस प्रावधान को चुनौती दे रहे हैं, जिसमें कहा गया है कि केवल मुसलमान ही वक्फ कर सकते हैं। सिब्बल ने पूछा, सरकार कैसे तय कर सकती है कि मैं मुसलमान हूं या नहीं और इसलिए वक्फ करने का पात्र हूं या नहीं। उन्होंने कहा, सरकार यह कैसे कह सकती है कि केवल वे लोग ही वक्फ कर सकते हैं, जो पिछले पांच वर्षों से इस्लाम का पालन कर रहे हैं। कुछ याचिकाकताओं का प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने कहा कि वक्फ अधिनियम का प्रभाव पूरे भारत में होगा और याचिकाओं को उच्च न्यायालय को नहीं भेजा जाना चाहिए। वक्फ अधिनियम का विरोध करते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता हुजेफा अहमदी ने कहा कि उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ करना इस्लाम की एक स्थापित प्रथा है और इसे छीना नहीं जा सकता। बता दें कि केंद्र ने हाल ही में वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 को अधिसूचित किया, जिसे दोनों सदनों में तीखी बहस के बाद संसद से पारित होने के बाद पांच अप्रैल को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मंजूरी मिल गई।

अगले सीजेआई के रूप में न्यायमूर्ति बीआर गवई की नियुक्ति की सिफारिश

सीजेआई संजीव खन्ना ने केंद्रीय कानून मंत्रालय से उच्चतम न्यायालय के वरिष्ठतम न्यायाधीश न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई को अगला सीजेआई नियुक्त करने की सिफारिश की।

न्यायमूर्ति गवई मौजूदा सीजेआई के बाद उच्चतम न्यायालय में वरिष्ठतम न्यायाधीश हैं। वह 14 मई को 52वें प्रधान न्यायाधीश के रूप में शपथ लेंगे।

जेएमएम का अध्यक्ष बनाए जाने के बाद सीएम ने जाहिर की भावना

राज्य के हर गरीब, वंचित व युवा की आवाज बनने की ली है शपथ : हेमंत

PHOTON NEWS RANCHI : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का अध्यक्ष बनाए जाने पर इसे गर्व का क्षण बताया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि आज जब मैं झारखंड मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष पद का दायित्व संभाल रहा हूं, तो मेरे मन में अनेक भावनाएं उमड़ रही हैं। यह कोई साधारण पद नहीं, बल्कि झारखंड की जनता के सपनों, संघर्षों और आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व है। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) का अध्यक्ष चुने जाने के एक दिन बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य के हर गरीब, वंचित और युवा की आवाज बनने की शपथ ली। झामुमो अध्यक्ष का पद पहले उनके पिता शिबू सोरेन के पास था। सोरेन ने लिखा है कि एक पोस्ट में कहा कि आदरणीय बाबा, हमारे संरक्षक आदरणीय शिबू सोरेन जी ने जिन विचारधाराओं की छांव तले झामुमो की नींव रखी थी, आज उसे आगे बढ़ाने का अवसर मिलना मेरे लिए गर्व का क्षण है। मैं विनम्रतापूर्वक इस जिम्मेदारी को स्वीकार करता हूं। साथ ही प्रण लेता हूं कि झारखंड के हर गांव, हर गरीब, हर वंचित और हर युवा की आवाज बनूंगा। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी का इतिहास संघर्षों से भरा है, लेकिन हमारा संकल्प अडिग है। आज फिर से हमें एकजुट होकर झारखंड की अस्मिता, विकास और न्याय के लिए संघर्ष करना है। मैं सभी कार्यकताओं, नेताओं और राज्यवासियों से वादा करता हूं कि आपका विश्वास कभी टूटने नहीं दूंगा।

झारखंड की जनता के सपनों-संघर्षों का प्रतिनिधित्व है झामुमो का अध्यक्ष बनना

फरियादी की समस्यां सुनते सीएम हेमंत सोरेन।

राज्य का शोषण करने की अनुमति नहीं

बता दें कि मंगलवार को संपन्न हुए दो दिवसीय केंद्रीय सम्मेलन के दौरान हेमंत सोरेन ने झामुमो के लिए एक मजबूत सामाजिक न्याय एजेंडा पेश किया, जिससे पार्टी के राज्य से बाहर अपने प्रभाव का विस्तार करने के इरादे का संकेत मिलता है। उन्होंने घोषणा की कि सामंती ताकतों को अब राज्य का शोषण करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। हेमंत सोरेन ने संकेत दिया कि पार्टी राज्य में 2024 के विधानसभा चुनाव में अपने मजबूत प्रदर्शन से उत्साहित होकर अपनी राष्ट्रीय भूमिका को फिर से परिभाषित करने के लिए तैयार है।

सामंती ताकतों को जनता के हाथों मिली करारी हार

हेमंत सोरेन ने कहा कि यह सरकार जनता की है। सामंती ताकतों को यहां की जनता के हाथों करारी हार का सामना करना पड़ा। झामुमो एक शक्तिशाली ताकत के रूप में उभरा है, झामुमो उन्हें झारखंड को और लूटने नहीं देगा। उन्होंने कहा कि उनके पिछले शासन के दौरान भाजपा ने उनकी लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए कई षड्यंत्र रचे, लेकिन झामुमो सरकार ने लगातार राजनीतिक दबाव का सामना किया और यह अपने लोगों के कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अंत में लिखा, जय जोहार! जय झारखंड।

आम लोगों से मिले मुख्यमंत्री, सुनी समस्याएं

मंगलवार को झारखंड मृत्यु मोर्चा का केंद्रीय अध्यक्ष बनने के बाद बुधवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने कांके रोड स्थित आवास पर पहली बार आम लोगों से मिले। उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनीं और उनकी परेशानियों को समझा। इस दौरान उन्होंने लोगों से आवेदन भी प्राप्त किए और संबंधित

अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।

चीन के 125% के जवाब में ट्रंप का 245% टैरिफ

NEW DELHI : अमेरिका और चीन के बीच टैरिफ वॉर और आगे बढ़ गई है। अमेरिका ने अब चीन पर 100 प्रतिशत और टैरिफ लगा दिया है। इसके साथ अमेरिका इम्पोर्ट होने वाले चीनी सामान पर कुल टैरिफ 245 प्रतिशत हो गया है। चीन ने 11 अप्रैल को अमेरिकी सामान पर 125 प्रतिशत टैरिफ लगाया था, जिसके जवाब में ट्रंप ने नया टैरिफ लगाया है। इससे पहले चीन ने कहा था कि अब वह अमेरिका की तरफ से लगाए जाने वाले किसी भी अतिरिक्त टैरिफ का जवाब नहीं देगा। अमेरिका की तरफ से नए टैरिफ के ऐलान के बाद चीन ने कहा कि हम अमेरिका के साथ ट्रेड वॉर करने से नहीं डरते। चीन ने दोबारा कहा कि अमेरिका को बातचीत करनी चाहिए। इससे पहले डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि चीन को बातचीत की शुरूआत करनी होगी।

चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव की अध्यक्षता वाली बेंच में सुनवाई

बड़ा तालाब व हरमू नदी की सफाई पर हाईकोर्ट ने सरकार से मांगा जवाब

PHOTON NEWS RANCHI : बुधवार को हाइकोर्ट में जल स्त्रोतों, नदी, रांची के बड़ा तालाब के साफ-सफाई एवं संरक्षण के संबंध में कोर्ट के स्वतः संज्ञान की सुनवाई हुई। मामले में चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राज्य सरकार से रांची के बड़ा तालाब एवं हरमू नदी की साफ-सफाई पर जवाब मांगा है। अगली सुनवाई 9 जून को होगी। कोर्ट ने राज्य सरकार को बड़ा तालाब से गाद निकालने और हरमू नदी की सफाई के संबंध में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। सरकार की ओर से बताया गया कि सभी जिलों से जल स्त्रोतों से अतिक्रमण हटाने के संबंध में गठित टास्क फोर्स की रिपोर्ट अभी नहीं आई है, कुछ जिलों से रिपोर्ट आना बाकी है।

9 जून को होगी इस मामले की अगली हियरिंग

सफाई से संबंधित फोटोग्राफ किया गया प्रस्तुत

इससे पूर्व रांची नगर निगम की ओर से अधिवक्ता एलसीएन शाहदेव ने कोर्ट को बताया कि बीते 10-11 अप्रैल को निगम की ओर से हरमू नदी की सफाई कराई गई है, निगम की ओर से समय-समय पर हरमू नदी की सफाई का कार्य किया जा रहा है। इस संदर्भ में उनकी ओर से हरमू नदी की सफाई से संबंधित फोटोग्राफ प्रस्तुत किया। कोर्ट ने निगम को मौखिक रूप से कही गई इन बातों को शपथ पत्र के माध्यम से दाखिल करने का निर्देश दिया। हस्तक्षेपकर्ता झारखंड सिविल सोसाइटी की ओर से अधिवक्ता खुशबू कटारुका ने कोर्ट को बताया गया कि बड़ा तालाब में जब तक इसकी गहराई में जमे गाद को नहीं हटाया जाएगा, तब तक पूरी तरह से बड़ा तालाब की सफाई नहीं हो सकेगी।

शॉर्ट सर्किट के कारण भीषण हादसा : तेजी से झुग्गी इलाके में फैल गई आग

आग की चपेट में आकर 4 बच्चों समेत 5 की मौत

AGENCY MUJAFFARPUR : बिहार के मुजफ्फरपुर में दर्दनाक हादसा हो गया। बुधवार को एक दलित बस्ती में भीषण आग लग गई। इस अगलगी में 50 से अधिक घर जल गए। हादसे में 4 बच्चों समेत 5 लोगों की झुलसकर मौत हो गई है। घटना बरियारपुर थाना क्षेत्र के रामपुर मनी पंचायत की है। बताया जा रहा है कि गोलक पासवान के घर में शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगी और देखते ही देखते पूरे झुग्गी के इलाके में फैल गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि राजू पासवान नामक व्यक्ति के 3 बच्चों की झुलसकर मौत हो गई है। इन बच्चों की उम्र 12 साल, आठ साल और नौ साल है। घटना के बाद अफरा-तफरी मच गई है।

अगलगी में जल गए 50 से अधिक घर, एक ही परिवार के हैं सभी मृतक बच्चे

परिवार को दी जाएगी 4-4 लाख मुआवजा राशि

ग्रामीणों ने पुलिस और अग्निशमन को आग लगने की सूचना दी। जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने बताया कि यह दुखद घटना है, अगलगी की घटना में चार बच्चों की मौत हुई है, सभी एक ही परिवार के हैं। कानून प्रक्रिया के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा। आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा सभी मृतकों के परिवार को 4-4 लाख मुआवजा राशि दी जाएगी। जिनका घर जला है, उनके लिए भोजन की व्यवस्था की जाएगी।

घटना के बाद गमगीन हो गया पूरा गांव

आग लगी की घटना के बाद पूरा गांव गमगीन हो गया। स्थानीय शिवप्रसाद पासवान ने बताया कि घटना के समय गांव के ज्यादातर लोग खेत में मजदूरी करने के लिए गए थे। बिजली का तार टूट कर घर पर गिर गया। इस वजह से आग लगी। जब तक लोग दौड़कर आते, तब आग काफी तेजी से फैल चुकी थी।

लापरवाही केंद्र सरकार की ओर से नाराजगी जताने के बावजूद कोई असर नहीं

देश में अंग प्रत्यारोपण को लेकर पारदर्शिता नहीं बरत रहे अस्पताल

PHOTON NEWS @ RESEARCH DESK : अनेक स्वास्थ्य संबंधी विसंगतियां और बीमारियों की वजह से शरीर के अंगों को बदलने की जरूरत पड़ती है। मेडिकल साइंस में यह सर्जरी की जटिल प्रक्रिया मानी जाती है। इसके साथ ही यह भी आवश्यक होता है कि अगर किसी मरीज का कोई अंग काम नहीं करता है, तो किसी दूसरे व्यक्ति द्वारा अंगदान के बाद ही अंग प्रत्यारोपण की प्रक्रिया संभव है। अंग प्रत्यारोपण संबंधी कानून का पालन और इस संबंध में अस्पतालों द्वारा पूरी पारदर्शिता बरतने की आवश्यकता होती है। ब्रेनडेड की स्थिति में बहुत से लोग अंगदान करते हैं और इससे दूसरे लोगों को नया जीवन मिलता है। यही कारण है कि केंद्र सरकार की ओर से अंगदान को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता अभियान भी चलाया जाता है। बता दें कि देश में अंग प्रत्यारोपण को लेकर पारदर्शिता बरतने के लिए अस्पतालों के व्यवहार पर केंद्र सरकार ने नाराजगी जताई है। स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए यह दुखद पहलू है कि बीते 15 महीनों में तीन बार आदेश देने के बाद भी ज्यादातर अस्पतालों ने अंग प्रत्यारोपण से जुड़ी अहम जानकारियां साझा नहीं की।

बीते 15 महीनों में तीन बार आदेश जारी होने पर भी नहीं दी गई जानकारी

राष्ट्रीय अंग व ऊतक प्रत्यारोपण संगठन की ओर से व्यक्त की गई है गंभीर चिंता

- 48 घंटे में दाता और अंग ग्राही के बारे में जरूरी जानकारियां देना अनिवार्य
- राज्यों के स्वास्थ्य सचिवों को पत्र लिखकर जानकारी नहीं देने की कही गई है बात
- अस्पतालों का रवैया अंगदान को बढ़ावा देने के व्यापक उद्देश्य को कर रहा बाधित



पिछले साल राज्यों से विदेशी अंग प्रत्यारोपणों की निगरानी बढ़ाने का दिया गया था निर्देश

अंग और ऊतक दान की नीति का उद्देश्य

मानव अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण अधिनियम, 1994 की धारा 13डी के तहत नोटो को राष्ट्रीय प्रत्यारोपण रजिस्ट्री की जिम्मेदारी सौंपी है, जो अंग और ऊतक प्रत्यारोपण गतिविधियों की निगरानी, समान अंग आवंटन की सुविधा प्रदान करने के साथ-साथ देश में अंग और ऊतक दान को बढ़ाने के लिए नीति निर्माण का समर्थन करने के लिए आवश्यक है।

दैनिक और मासिक जानकारी

जानकारी के अनुसार, नोटो ने अपने ताजा आदेश में दिसंबर 2023 से अब तक जारी आदेशों का हवाला देते हुए कहा, प्रत्यारोपण करने वाले अस्पतालों को 48 घंटे में दाता और अंग ग्राही के बारे में जरूरी जानकारियां देना अनिवार्य है। इस संबंध में सभी राज्यों के स्वास्थ्य सचिवों को भेजे चौथे पत्र में कहा है कि कई अस्पताल अंग प्रत्यारोपण गतिविधियों की दैनिक और मासिक जानकारी नहीं दे रहे हैं। यह राष्ट्रीय प्रत्यारोपण रजिस्ट्री पर प्रत्यारोपण को रजिस्टर्ड करने में भी विफल रहे हैं। ऐसी लापरवाही पूरे सिस्टम को को कमजोर कर रही है। इससे देशभर में अंगदान को बढ़ावा देने के व्यापक उद्देश्य पर भी प्रभाव पड़ रहा है। बता दें कि स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक डॉ. अतुल गोयल ने 2024 में एक आदेश जारी कर भारत में बढ़ते विदेशियों के अंग प्रत्यारोपण पर चिंता जताते हुए राज्यों से ऐसे प्रत्यारोपणों की निगरानी बढ़ाने को कहा था।

पाप पर पर्दा डालने के लिए कांग्रेस को निशाना बना रही सरकार : खड़गे

NEW DELHI : बुधवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडधगे ने नेशनल हेराल्ड मामले का परोक्ष रूप से हवाला देते आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली निरंकुश सरकार अपने पाप पर पर्दा डालने के लिए उनकी पार्टी को निशाना बनाने पर तुली हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस डरने वाली नहीं है और वह सरकार की नाकामियों को उजागर करती रहेगी। खरगे ने एक्स पर पोस्ट किया, नरेन्द्र मोदी जी, आपकी निरंकुश सरकार अपने पाप पर पर्दा डालने के लिए कांग्रेस को निशाना बनाने पर तुली हुई है। भाजपा का आर्थिक कुप्रबंधन नियंत्रण से बाहर होता जा रहा है। हताशा बढ़ती जा रही है, कोई दृष्टि नहीं, कोई समाधान नहीं, केवल ध्यान भटकाना। उन्होंने दावा किया कि व्यापार घाटा तीन साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है और टैरिफ एवं व्यापार युद्ध पर कोई स्पष्टता नहीं दिख रही है।

सुरक्षाबलों की अलग-अलग जगहों पर कार्रवाई

मणिपुर में विभिन्न स्थानों से अरेस्ट किए गए 11 उग्रवादी

AGENCY IMPHAL : बुधवार को मणिपुर पुलिस और केंद्रीय सुरक्षाबलों ने अलग-अलग स्थानों से प्रतिबंधित संगठनों के 11 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से हथियार, मोबाइल फोन, वाहन व अन्य आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद हुई है। मणिपुर पुलिस ने बुधवार को बताया कि थौबल जिले के हिरोक थाना क्षेत्र के सलुंगफम ममांग लाईकाई बाजार के पास से केसीपी (अपुनबा सिटी मैतेई) के चार उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार उग्रवादियों की पहचान मो. सारुक खान (34, थौबल वांगखेम), संगोमसंबम अख्तर अहमद (29, थौबल वांगखेम), कोंजेंगबम कुमारजीत सिंह (41, नंबोल लैमैपोकपम अवांग लाईकाई, बिष्णुपुर) तथा लैश्रम जयमंगल सिंह (47, कैरेम्बिखोक ममांग लाईकाई) थौबल के रूप में हुई है।

● हथियार, मोबाइल फोन, वाहन व अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद

BRIEF NEWS

महिला क्रिकेट में बोकारो ने जमशेदपुर को हराया

CHAIBASA : खब्बू स्पिनर रिन्नी बर्मन की घातक गेंदबाजी (15/5) एवं शशि माथुर की शानदार अर्द्धशतकीय पारी (55 रन) की बदौलत बोकारो ने जमशेदपुर को 5 विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ ही बोकारो के 4 अंक हो गए और अंक तालिका में अपने दोनों सुपर डिवीजन के मैच खेलकर एक जीत तथा एक हार के साथ पहले स्थान पर है। हालांकि पश्चिमी सिंहभूम के भी चार अंक हैं, पर बेहतर नेट रनरेट के कारण बोकारो शीर्ष स्थान पर है। चाईबासा के बिरसा मुंडा क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मैच में टॉस बोकारो के कप्तान ने जीता तथा विपक्षी टीम जमशेदपुर को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। उनका यह निर्णय सही साबित हुआ, जब जमशेदपुर की पूरी टीम 47.5 ओवर में मात्र 99 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। निर्धारित लक्ष्य का पीछा करने उतरी बोकारो की टीम ने 15.4 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 100 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। अब गुरुवार को पश्चिमी सिंहभूम और जमशेदपुर के बीच खेले जाने वाले सुपर डिवीजन के अंतिम मैच में यह निर्णय होगा कि इस ग्रुप से कौन सी टीम फाइनल मुकाबले में पहूंचेगी। कल अगर पश्चिमी सिंहभूम की टीम जमशेदपुर को पराजित कर देती है तो आठ अंकों के साथ उसका फाइनल खेलना पक्का हो जाएगा, परंतु अगर पश्चिमी सिंहभूम की टीम हारती है तो तीनों टीमों (क्रमशः बोकारो, पश्चिमी सिंहभूम एवं जमशेदपुर) के बराबर अंक हो जाएंगे और बेहतर रन रेट रखने वाली टीम फाइनल में क्वालीफाई करेगी।

ईडी के खिलाफ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

KHUNTI : अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर केंद्र सरकार के खिलाफ खूंटी जिला कांग्रेस कमेटी कें अध्यक्ष रवि मिश्रा के नेतृत्व में बुधवार को समाहरणालय के पास धरना दिया गया और प्रदर्शन किया गया। मौके पर जिला अध्यक्ष ने कहा कि केंद्र की सरकार संपूर्ण विपक्ष से घबराकर ऐसी हरकत कर रही। सरकार विपक्ष के नेता राहुल गांधी से घबराकर ऐसा काम कर करने को मजबूर हैं। मिश्रा ने कहा कि केंद्र सरकार केवल और केवल अपने लोगों को फायदा पहुंचा रही है, भले ही देश गर्त में चला जाये। इन्हें केवल अपने लोगों से मतलब है, देश की जनता से कोई मतलब नहीं। मौके पर प्रदेश सचिव पीटर मुंडू, सहकारिता प्रकोष्ठ के महासचिव नईमुद्दीन खां, प्रदेश आदिवासी कांग्रेस के उपाध्यक्ष विलसन तोपनो, जिला प्रवक्ता रविकांत मिश्रा, फिरोज आलम, अरुण सांगा, सोहेल अंसारी, जेम्स तोपनो, जुलियस कंडुलना, फुलचंद टूटी, राम तिड़ू, ऐलेक्सियूस भेंगरा, मगरीता खेस, जुनैद खान, सुचित सांगा, ऐलेक्सियूस परधिया, सुषमा भेंगरा, शांता खाखा, हेलेन तिड़ू, इंदुआन्ना हस्सा, अनिता नाग, सुंदरमनी हंस, विक्रम नाग सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

आदित्यपुर से 137 यात्रियों को लेकर खुली टाटा-हटिया मेमू

JAMSHEDPUR : आदित्यपुर रेलवे स्टेशन से बुधवार को टाटा-हटिया मेमू का परिचालन शुरू हो गया। बुधवार सुबह 4.37 बजे ट्रेन नंबर- 68036 टाटा-हटिया मेमू खुली। पहले दिन 137 यात्री आदित्यपुर से ट्रेन में सवार हुए, 3790 रुपसे की टिकट बिक्री हुई। आमतौर पर इस ट्रेन में टाटानगर और आदित्यपुर मिलाकर औसतन 65-70 यात्री ही यात्रा करते हैं। पहले ही दिन लगभग दोगुने यात्रियों के जाने से रेलवे प्रशासन भी उत्साहित है। टाटानगर स्टेशन से कमर्शियल विभाग के कर्मचारियों ने टाटानगर पहुंचे लगभग 20 यात्रियों को आदित्यपुर स्टेशन भेजा, ताकि वे ट्रेन पकड़ सकें। वर्षों से आदित्यपुर से ट्रेनों के परिचालन की मांग कर रहे झारखंड चेतना मंच और स्थानीय लोगों ने ट्रेन के चालक और गार्ड को माला पहनाकर सम्मानित किया। झारखंड चेतना मंच के अध्यक्ष सुरेश धारी ने रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों से अपील की कि आदित्यपुर स्टेशन से और भी प्रमुख ट्रेनों का परिचालन जल्द शुरू किया जाए।

सांसद ने किया हंटरगंज प्रखंड का दौरा

CHATRA : सांसद कालीचरण सिंह ने बुधवार को हंटरगंज प्रखंड के कई गांवों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने न सिर्फ शोकाकुल परिवारों से मुलाकात की बल्कि ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनीं और समाधान का भरोसा दिलाया। दौरे की शुरूआत सिंह ने कल्याणपुर गांव से की। वे स्वर्गीय अमरेश सिंह के घर पहुंचे। उन्होंने परिजनों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया और आर्थिक सहयोग भी दिया। गांव में बिजली और सड़क की समस्या पर ग्रामीणों से बातचीत कर मौके पर ही अधिकारियों से समाधान को लेकर बात की।

रील बनाने के दौरान 30 फीट की ऊंचाई से गिरा किशोर, हुई मौत, मचा कोहराम

बेरमो के कारीपानी स्थित बंद पड़े कोल हैंडलिंग प्लांट के सेलो एरिया में हुई घटना

PHOTON NEWS BOKARO : इंटरनेट मीडिया में वायरल होने की चाहत में बेरमो के कारीपानी निवासी एक किशोर की जान चली गई। चंद्रपुरा थाना अंतर्गत मकोली ओपी थाना क्षेत्र के कारीपनी स्थित बंद कोल हैंडलिंग प्लांट (सीएचपी) के सेलो एरिया में लगभग 30 फीट ऊपर चढ़कर रील बनाने के दौरान कारीपानी निवासी अंबिका चौहान का 17 वर्षीय पुत्र पंकज चौहान गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने पंकज को घायल अवस्था में उपचार के लिए अनुमंडल अस्पताल फुसरो पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। स्वजनों के अनुसार घटना में पंकज के हाथ,

अस्पताल पहुंचे परिजन

पैर सहित पसली भी टूट गई थी। घटना के संबंध में बताया जाता है कि बंद कोल हैंडलिंग प्लांट के सेलो एरिया में आए दिन कॉलोनी के बच्चे खेलने व रील बनाने के लिए जाते हैं। बुधवार को भी पंकज चौहान अपने दोस्तों के साथ रील बनाने के लिए प्लांट के सेलो एरिया में ऊपर चढ़ा हुआ था। तभी उसका संतुलन बिगड़ गया और वह 30 फीट की ऊंचाई से गिर गया। नीचे पेड़ से टकराने से उसके सिर पर गंभीर चोटें आईं और वह लहूलुहान हो गया। आनन-फानन में लोगों ने उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया, लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। मृतक के पिता अंबिका चौहान ने बताया कि पंकज खेलने के लिए घर से बाहर निकला था। बाद में उसके दोस्तों से दुर्घटना में घायल होने की जानकारी मिली। अस्पताल आने पर उसकी मौत हो गई। घटना के बाद पूरी कॉलोनी में मातम पसरा हुआ है। मृतक पंकज चौहान चार भाई व एक बहन में सबसे छोटा था। मृतक के पिता अंबिका चौहान रोड सेल में मजदूरी करते हैं। मामले की जानकारी स्थानीय थाना को दे दी गई है।

चोरों ने डेली मार्केट की चार दुकानों का तोड़ा ताला

दुकान में चोरी के बाद बिखरे सामान

RAMGARH : रामगढ़ शहर में चोरों का आतंक बढ़ता ही जा रहा है। इस बार चोरों ने पुराने बस स्टैंड के डेली मार्केट में चार दुकानों का ताला तोड़ दिया। चारों दुकान से लगभग 50 हजार रुपए की संपत्ति के चोरी होने का अनुमान है। घटना की सूचना मिलते ही बुधवार को रामगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले की तफ़्तीश शुरू कर दी है। सबसे बड़ी बात यह है कि चोरों ने इस घटना को अंजाम देने के लिए वहां लगे सीसीटीवी कैमरे को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। रामगढ़ थाना के सब इंस्पेक्टर बीरबल हेंब्रम इस पूरे मामले की तस्वीर कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार चोरों ने कॉस्मेटिक और मोबाइल दुकान से कीमती सामान उड़ा लिया। सुनील कुमार के मोबाइल दुकान से लगभग 30 हजार रुपए की संपत्ति चोरी हुई है। यहां से नए और पुराने मोबाइल, ब्लूटूथ, स्पीकर और इयरबड की चोरी की गई इसके अलावा मो सोहेल और मो फिरोज के कॉस्मेटिक दुकान से लगभग 10 से 15 हजार की संपत्ति के चोरी होने का अनुमान है। मोहम्मद जावेद की दुकान का भी ताला चोरों ने तोड़ दिया। दुकानदारों ने पुलिस को बताया कि चोरी के लिए छावनी परिषद के कर्मचारी जिम्मेदार हैं। उन्होंने बताया कि पुराने बस स्टैंड में लगने वाले डेली मार्केट में छावनी परिषद के जरिये दुकान बनाया गया था। दुकान में लगाया गया शटर बेहद कमजोर है। यहां तक कि उसका लॉक भी बेहद ऑर्डिनरी है। इस लॉक को लेकर पहले भी शिकायत छावनी परिषद के अधिकारियों से की गई थी। बैंक का लोन लेकर दुकान तो व्यापारियों ने ले लिया, लेकिन सुरक्षा मानकों पर दुकान खरा नहीं उतर रहा। अब छावनी परिषद के अधिकारियों के लापरवाही का खामियाजा दुकानदारों को भुगतना पड़ रहा है। बेहद आराम से चोर लॉक तोड़ रहे हैं और उनका कीमती सामान चोरी कर ले रहे हैं।

कोडरमा में मिला विवाहिता का शव, हत्या का आरोप

AGENCY KODERMA : जिले के डोमचांच प्रखंड अंतर्गत फुलवरिया पंचायत के ग्राम बिगहा मे बुधवार सुबह एक घर से संदिग्ध अवस्था में विवाहित महिला का शव बरामद हुआ है। मृतका की पहचान ललिता देवी (30) के रूप मे हुई है। महिला के ससुराल वालों के अनुसार महिला का शव दुपट्टा के सहारे ऊपर लटका हुआ था, उसने खुदकुशी कर ली। वहीं दूसरी ओर मायके वालों ने हत्या का आरोप लगाते हुए बताया कि ललिता देवी की विवाह 2011 में प्रेम विवाह हुआ था। इसके बाद से ही दोनों के बीच आए दिन विवाद होते रहता था। साथ ही बताया कि 2016 मे भी अपेंडिक्स की दवा के साथ मिलाकर जहर खिला दिया गया था। लेकिन मायके वालों की ओर से सदर अस्पताल ले जाया

घटना के बाद जुटे लोग व इनसेट में मृतक की फाइल फोटो • फोटोन न्यूज

गया था जहां स्वस्थ हुई थी। जिसके कुछ साल बाद फिर एक बार जहर देकर मारने का प्रयास किया गया था परंतु उस समय भी सदर अस्पताल में ही ठीक हुई थी। मायके वालों ने बताया कि इस बार रस्सी के सहारे गला दबाकर हत्या कर दिया गया और उसे खुदकुशी का रूप दिया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि मृतका को नौ वर्ष का पुत्र और 12 वर्ष की एक पुत्री है। घटना की सूचना मिलते ही नवलशाही पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल कोडरमा भेज दिया है। दूसरी ओर पुलिस घटना की जांच पड़ताल कर रही है।

आपस में भिड़े कांग्रेसी पत्रकार भी हुए जख्मी

DHANBAD : रणधीर वर्मा चौक स्थित प्रेस क्लब के पास बुधवार शाम 4 बजे कांग्रेसी आपस में भिड़ गए। कांग्रेस के कार्यकारी जिला अध्यक्ष राशीद रजा अंसारी के पुत्र सैफ अंसारी की एक अन्य कांग्रेसी नेता के साथ मारपीट हो गई। मारपीट इतनी बढ़ गई कि रॉड से हमला कर दिया गया। हमले में कुछ कांग्रेसी भी घायल हुए। मारपीट के दौरान एक पत्रकार पर भी हमला कर दिया गया। पत्रकार जख्मी हो गया है। यह घटना तब हुई, जब कांग्रेस कार्यकर्ता ईडी के खिलाफ हो रहे प्रदर्शन में शामिल थे। बताया जाता है कि उसी दौरान दो गुट में किसी बात को लेकर बहस शुरू हो गई थी। फिलहाल घटना का कारण स्पष्ट नहीं हो पा रहा है। मामले की जानकारी मिलते ही प्रेस क्लब के पास काफी भीड़ जुट गई। सूचना पाकर काफी संख्या में पुलिस बल भी पहुंच गए। उन्होंने स्थिति को नियंत्रित किया।

फूलो-झानो मेडिकल कॉलेज के छात्रों ने ओपीडी सेवा कर दी ठप

धरना पर बैठीं मेडिकल कॉलेज की छात्राएं • फोटोन न्यूज

DUMKA : फूलो झानो मेडिकल कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने कॉलेज में मूलभूत सुविधाओं के अभाव में बुधवार को फुलो-झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल की ओपीडी सेवा को ठप कर धरना प्रदर्शन किया। इस कारण अस्पताल की व्यवस्था चरमरा गई। इस दौरान छात्रों ने कॉलेज के छात्रावास में पानी और बिजली को सुचारु रूप से व्यवस्थित करने की मांग की। इधर, मेडिकल कॉलेज अस्पताल में ओपीडी सेवा ठप रहने से इलाज के लिए आए मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि अस्पताल में इमरजेंसी सेवा चालू रही। छात्रों ने अस्पताल परिसर में धरना दिया। इस दौरान उन्होंने कॉलेज प्रबंधन, स्वास्थ्य विभाग और राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। छात्रों ने कहा कि छात्रावास में पानी और बिजली की व्यवस्था का घोर अभाव है। पिछले कुछ दिनों से तो स्थिति और चरमरा गई है।

धनबाद के ग्रामीण एसपी ने पदाधिकारियों को दिए निर्देश

शहर के कला भवन समेत छह जगहों पर सुनी गई जनसमस्या

PHOTON NEWS DHANBAD : पुलिस व्यवस्था में नीतिगत सुधार और पुलिस कर्मियों एवं पदाधिकारियों के खिलाफ शिकायत मिलने पर कार्रवाई के भरोसे के साथ बुधवार को जिले भर में पुलिस का जन शिकायत समाधान शिविर शुरू हुआ। छह जगहों पर लगे इस शिविर का निरीक्षण करने पुलिस अधीक्षक-ग्रामीण कपिल चौधरी पहुंचे। यहां पुलिस उपाधीक्षक विधि-व्यवस्था क्षेत्र अंतर्गत आने वाले सभी थाना क्षेत्र में रहने वाले लोगों के लिए शिविर आयोजित किया गया है। यहां महिला थाना धनबाद, धनबाद थाना, केंदुआडीह थाना, जोगता, लोयाबाद, मुनिडीह ओपी, भागाबांध ओपी, धनसार थाना, बैंकमोड़ और सरायढेला थाना इलाके के लोगों की शिकायतें सुनी जा रही हैं। एसपी-ग्रामीण ने कहा कि लोगों की समस्याओं का त्वरित निष्पादन करने का प्रयास इस शिविर के माध्यम से किया जा रहा है। इसके पहले तीन बार शिविर आयोजित किया जा चुका है और यह चौथा चरण है। उन्होंने कहा कि लोगों की शिकायतों के निवारण के लिए पुलिस अधिकारियों के साथ-साथ अंचल और प्रखंड अधिकारियों की भी उपस्थिति इस शिविर में रहेगी।

कला भवन धनबाद में शिविर के दौरान अपनी शिकायत दर्ज कराते लोग

इन जगहों पर आयोजित हुआ शिविर

धनबाद में कला भवन के अलावा निरसा पुलिस अनुमंडल अंतर्गत सभी थाना क्षेत्र के लिए शिविर नगर भवन चिरकुंडा, बाघमारा पुलिस अनुमंडल के लिए बीजीएम मैरेज हाल राजगंज, सिंदरी के लिए टाटा कम्युनिटी हॉल जामाडोबा, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय-1 के लिए हरदेव धर्मशाला गोविंदपुर और पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय-2 के लिए पूर्वी टुंडी के मेनरवाटांड स्थित पंचायत भवन में शिविर लगा है।

लोहरदगा में आईजी ने भी सुनी लोगों की समस्या, दिया भरोसा

शिविर में उपस्थित आईजी असीम विक्रांत मिंज व अन्य पदाधिकारी

LOHARDAGA : लोहरदगा शहरी क्षेत्र के पुराने नगर भवन में पुलिस विभाग की ओर से बुधवार को जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप पुलिस महानिरीक्षक असीम विक्रांत मिंज मौजूद थे। कार्यक्रम के विधिवत उद्घाटन के बाद आईजी असीम विक्रांत मिंज ने कहा कि लोहरदगा मे यह आयोजन पहले भी किया जा चुका है और जितनी भी समस्याएं आई थी उनमें से अधिकांश का समाधान किया जा चुका है। पुलिस के अधिकारी आपकी मदद के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं और यदि आपको कोई समस्या होती है तो आप तत्काल पुलिस के अधिकारियों से संपर्क करें। मौके पर पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमा ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज चौथी बार जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अब तक इस कार्यक्रम में जितने भी मामले सामने आए उनमें से अधिकांश मामलों का निष्पादन कर दिया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर आपके मामलों को थाना स्तर पर नहीं सुना जाता है तो आप अपने मामले को यहां पर रख सकते हैं। पुलिस आपकी सुरक्षा के लिए है ।आपकी परेशानियां दूर करने के लिए ही यह कार्यक्रम लगातार किया जा रहा है ।आप समस्याएं लेकर आएं हम उनका समाधान करेंगे।

पुलिस और जनता के बीच विश्वास को मजबूत करना जरूरी : डीआईजी

KHUNTI : नागरिकों की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी समाधान तथा पुलिस और आम जनता के बीच पारस्परिक विश्वास को मजबूत करने के उद्देश्य से झारखंड पुलिस द्वारा नगर भवन, खूंटी में बुधवार को जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अड़की, रनिया, तपकारा, तोरपा, कर्रा, जरियागढ़, मारंगहादा, सायको, खूंटी, मुरहू तथा महिला थाना द्वारा अलग-अलग स्टॉल लगाए गए, जहां बड़ी संख्या में नागरिकों ने अपनी समस्याएं औरा शिकायतें दर्ज कराई। मौके पर उपस्थित पुलिस उप महानिरीक्षक (एसआईबी), रांची चंदन कुमार झा, पुलिस अधीक्षक, खूंटी अमन कुमार और एसडीओ खूंटी दीपेश कुमारी ने नागरिकों की शिकायतों को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को शीघ्र समाधान का निर्देश दिया।

सीएसआईआर-एनएमएल ने जनजातीय गौरव वर्ष के तहत किया आयोजन

झारखंड में नेतरहाट की तरह 3 नए स्कूल खोले जाएंगे : मंत्री

PHOTON NEWS JSR: बर्मामाइंस स्थित सीएसआईआर-राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला (एनएमएल) में बुधवार को जनजातीय गौरव वर्ष के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एनएमएल के निदेशक डॉ. संदीप घोष चौधुरी, सीएसआईआर-सीएमईआरआई, दुगार्पुर के निदेशक डॉ. नरेश चंद्र मुर्मू, प्रमुख वैज्ञानिक एवं अनुसूचित जाति व जनजाति प्रतिनिधि डॉ. मनोज एम. हुमने तथा प्रशासनिक नियंत्रक आदित्य मैनाक भी उपस्थित थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने कार्यक्रम में उपस्थित छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार नेतरहाट विद्यालय की तर्ज पर झारखंड में तीन और विद्यालय खोलेगी। इन स्कूलों में सीबीएसई करिकुलम अपनाया जाएगा, ताकि

कार्यक्रम का उद्घाटन करते मंत्री रामदास सोरेन • फोटोन न्यूज

बच्चे राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए सक्षम हो सकें। सरकार की प्राथमिकता है कि इन स्कूलों की सुविधाएं निजी स्कूलों से भी बेहतर हों, चाहे वह पुस्तकें हों, प्रयोगशालाएं, पोषण या अन्य शैक्षणिक सामग्री। उन्होंने छात्रों को प्रेरित किया कि वे झारखंड के विकास में अपनी भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि झारखंड में रहने वालों को ही राज्य के प्रशासनिक पदों पर रहकर योजनाओं को जमीनी स्तर पर लागू करना चाहिए, ताकि यहां के लोगों को उचित लाभ मिल सके। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि जैसे पूर्वजों ने स्वतंत्रता संग्राम और झारखंड आंदोलन में भाग लिया, वैसे ही अब इस पीढ़ी की जिम्मेदारी है कि वह झारखंड को अन्य विकसित राज्यों की कतार में लाकर खड़ा करें। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं एवं उनके शिक्षक के साथ एनएमएल में कार्यरत सभी सदस्य उपस्थित थे।

सीएम स्कूल फॉर एक्सीलेंस की संख्या होगी दोगुनी : रामदास सोरेन

JAMSHEDPUR : राज्य के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि राज्य में चल रहे सीएम स्कूल फॉर एक्सीलेंस की संख्या दोगुनी की जाएगी। फिलहाल राज्य में 80 सीएम स्कूल फॉर एक्सीलेंस चल रहे हैं, इसे 160 किया जाएगा। एनएमएल में हुए कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बात करते हुए सोरेन ने कहा कि सीएम स्कूल फॉर एक्सीलेंस में राज्य में 8 हजार सीटें थीं, जबकि नामांकन के लिए 35 हजार आवेदन आए। इससे समझा जा सकता है कि लोगों का इस स्कूल की शिक्षा गुणवत्ता पर कितना विश्वास है। मेरे पास भी नामांकन कराने के लिए पैरवी आई थी। मंत्री ने कहा कि जनजातीय विश्वविद्यालय शुरू करने का काम भी तेजी से जारी है। फिलहाल बारीडीह में अस्थायी भवन में इसे शुरू किया जाएगा। यहां जनजातीय भाषा, संस्कृति व विभिन्न विषयों की पढ़ाई होगी, रिसर्च होगा। इसमें देरी नहीं होगी।

आदित्यपुर या जमशेदपुर में तकनीकी कौशल संस्थान

रामदास सोरेन ने कहा कि युवाओं को तकनीकी कौशल से जोड़ने के लिए सरायकेला के आदित्यपुर या फिर जमशेदपुर में तकनीकी कौशल संस्थान खुलेगा। उन्होंने इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी है। जमीन मिलते ही इसे शुरू किया जाएगा। इसमें राज्य के विद्यार्थियों को 75 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा। वहीं औद्योगिक कंपनियों से समझौता कर इसमे पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए नौकरी सुनिश्चित की जाएगी।

घाटशिला के कृषि विश्वविद्यालय में होगी पढ़ाई

घाटशिला में कृषि विश्वविद्यालय की शाखा है। यहां फार्मिंग के विभिन्न विषयों की पढ़ाई शुरू की जाएगी। किसानों को प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि किसान विभिन्न फसलों की खेती कर सकें।

बाल संरक्षण पर लोगों को किया गया जागरूक

KHUNTI : उपायुक्त लोकेश मिश्रा के निर्देश पर जिला बाल संरक्षण इकाई और संभव ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत बाल संरक्षण मुद्दों पर बुधवार को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन तोरपा प्रखंड कार्यालय सभागार में किया गया। जागरूकता कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गांव और टोला के प्रत्येक बच्चे को संरक्षण एवं सुरक्षा प्रदान करना है। कार्यक्रम के तहत ग्राम बाल संरक्षण समिति की भूमिका को सशक्त बनाने, ग्राम सभाओं में बच्चों से संबंधित मुद्दों को प्रमुखता देने और बच्चों एवं किशोरों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया। कार्यक्रम में बाल विवाह से मुक्ति, नशा उन्मूलन, बाल तस्करी का निवारण, यौन शोषण से सुरक्षा जैसे गंभीर मुद्दों पर संवाद हुआ। साथ ही सरकारी योजनाओं से बच्चों को जोड़ने, देखरेख और संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों के लिए स्पॉन्सरशिप योजना एवं फोस्टर केयर योजना के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

राशनकार्ड धारक 30 तक कराएं केवाईसी, वर्ना कटेगा नाम : डीसी

RAMGARH : रामगढ़ जिले में राशन कार्ड धारी का ई-केवाईसी लगातार जारी है। ई-केवाईसी के लिए 30 अप्रैल आखिरी तारीख तय की गई है। अगर इस दिन तक जो व्यक्ति अपना ई-केवाईसी नहीं करवाएंगे, उनका नाम राशन कार्ड से काट दिया जाएगा। इस संबंध में बुधवार को डीसी चंदन कुमार ने एक आदेश भी जारी किया है। उन्होंने कहा है कि रामगढ़ जिला अंतर्गत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना एवं झारखण्ड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना से आच्छादित सभी राशन कार्डधारियों और सदस्यों का ई-केवाईसी किया जाना है। वर्तमान में रामगढ़ जिला अंतर्गत कुल कार्ड की संख्या 1,49,062 में कुल सदस्यों की संख्या 6,65,261 है। इनमे से अभी तक 5,13,722 सदस्यों का ही ई-केवाईसी हो पाया है। शेष 1,51,839 सदस्यों का 30 अप्रैल 2025 तक शत प्रतिशत ई-केवाईसी किया जाना अतिआवश्यक है। शेष सभी राशन कार्डधारी और सदस्यों को सूचित किया जाता है कि 30 अप्रैल तक अनिवार्य रूप से अपने नजदीकी जन वितरण प्रणाली दुकानदारों से सम्पर्क कर ई-पोस मशीन से ई-केवाईसी करा लें। निर्धारित तिथि तक ई-केवाईसी नहीं कराया जाएगा, वैसी स्थिती में माह मई से उनका नाम राशन कार्ड से विलोपित हो जाएगा।

उपायुक्त चंदन कुमार

BRIEF NEWS

आपसी विवाद में पति ने कुदाल से वार कर पत्नी को किया घायल

RANCHI : बुधवार को बेड़ो थाना क्षेत्र के साईं मंदिर रोड स्थित एक घर में आपसी विवाद के बाद पति ने कुदाल से हमला कर अपनी पत्नी को गंभीर रूप से घायल कर दिया। आरोपी युवक संतोष गुप्ता ने पत्नी तनु गुप्ता पर कुदाल से वार किया, जिससे महिला के सिर और छाती पर गंभीर चोटें आई हैं। घटना के बाद घायल तनु को परिजनों ने आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया। स्थानीय लोगों के अनुसार, घटना की वजह आपसी मामूली विवाद बताया जा रहा है।

ट्राइबल एडवाइजरी काउंसिल की बैठक की गई स्थगित

RANCHI : ट्राइबल एडवाइजरी काउंसिल (टीएसी) की बुधवार को होने वाली बैठक अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गयी है। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की ओर से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी गई है। बताया गया है कि 16 अप्रैल को प्रोजेक्ट भवन, एनेक्सी भवन सभागार में जनजातीय परामर्शदात्री समिति की होने वाली बैठक अपरिहार्य कारण वश स्थगित कर दी गयी है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में यह बैठक होनी थी।

जयराम महतो ने अमित शाह को लिखी चिट्ठी

RANCHI : जेएलकेएम के अध्यक्ष और डुमरी विधायक जयराम महतो ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को चिट्ठी लिखी है। गृह मंत्री को लिखी चिट्ठी में जयराम ने बोकारो में 3 अप्रैल को हुए विरोध प्रदर्शन और लाठीचार्ज के बाद विस्थापितों और रैयतों पर केस दर्ज करने के मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है। तीन और चार अप्रैल को बीएसएल गेट पर विस्थापितों और रैयतों ने नियोजन और मुआवजे की मांग को लेकर प्रदर्शन किया था। इस दौरान हुए लाठीचार्ज में प्रेम महतो नाम के युवक की मौत हो गई थी।

पूर्व सिविल सर्जन ने रातू में किया द एलायंस हॉस्पिटल का उद्घाटन

RANCHI : राजधानी के काठीटांड़, रातू के समीप द एलायंस हॉस्पिटल उद्घाटन डॉ. वाईके सिन्हा पूर्व सिविल सर्जन एवं पूर्व जिला परिषद सदस्य अकलीमा खातून ने किया। डॉ. वाईके सिन्हा ने बताया कि यह अपने आप में सबसे अलग हॉस्पिटल है, जिसे लोगों की स्वास्थ्य संबंधित जरूरतों को देखकर बनाया गया है। कई बार ऐसा होता है, जब घर के बुजुर्ग का स्वास्थ्य बहुत खराब हो जाता है, वे बेड से उठ नहीं पाते। लेकिन, घर पे उनकी सेवा करने वाला कोई नहीं होता, ऐसे में उन लोगों की देखभाल इस अस्पताल में की जाएगी।

नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया-राहुल पर चार्जशीट का विरोध

कांग्रेस ने ईडी कार्यालय के सामने जमकर किया प्रदर्शन

ईडी कार्यालय के सामने प्रदर्शन करते कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता ● फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS RANCHI : नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर चार्जशीट के विरोध में कांग्रेस पार्टी देशभर में ईडी दफ्तरों के बाहर विरोध प्रदर्शन कर रही है। रांची में हिनू रोड स्थित ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय के बाहर प्रदेश कांग्रेस नेताओं ने प्रदर्शन किया। नेताओं में कांग्रेस के झारखंड प्रभारी के राजू, सह प्रभारी डॉ सिरिवेला प्रसाद, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, विधायक दल के नेता प्रदीप यादव, उपनेता राजेश कच्छप, कार्यकारी अध्यक्ष बन्धु तिर्की, जलेश्वर महतो, मंत्री डॉ इरफान अंसारी, सुबोधकांत सहाय, विधायक सुरेश बैठा, रामचन्द्र सिंह, नमन विक्सल कोंगाडी, अम्बा प्रसाद, राजेश ठाकुर, डॉ प्रदीप बलमुचू, केएन त्रिपाठी, गुंजन सिंह सहित अन्य शामिल थे। मौके पर झारखंड प्रभारी के राजू ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा की ओर से लोकतंत्र और संविधान की हत्या बार-बार की जा रही है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने लगातार सदन में रोजगार, महंगाई, किसानों की समस्या और देश की गिरती हुई अर्थव्यवस्था के मुद्दे को जोरदार तरीके से उठाया है। इससे केंद्र सरकार विचलित हो गयी है और हमारी आवाज को दबाने के लिए ईडी का सहारा ले रही है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने आरोप लगाते हुए कहा कि जब-जब किसी राज्य में चुनाव आता है तो भाजपा ईडी को सक्रिय कर देती है ताकि जनता की आवाज दबाई जा सके। उन्होंने कहा कि जितने भी भ्रष्टाचारी हैं भाजपा ने ऐसे सभी लोगों को अपनी पार्टी में शामिल कर लिया है। सह प्रभारी डॉ सिरिवेला प्रसाद ने कहा कि विपक्ष के नेताओं की आवाज दबाना लोकतांत्रिक व्यवस्था पर कुठाराघात है। भाजपा देश को गुमराह कर रही है। कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने कहा कि सोनिया गांधी, राहुल गांधी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल करना भाजपा की राजनीति धमकी के अलावा कुछ नहीं है। हम चुप नहीं रहेंगे। हम कल भी लड़े थे अब भी लड़ेंगे। लोकतंत्र को खत्म नहीं होने देंगे।

बारिश से तापमान में तीन डिग्री की कमी, 19 तक रहेगी गर्मी से राहत

RANCHI : राजधानी रांची और आसपास के इलाकों में पिछले 24 घंटों में हुई बारिश से तापमान में तीन डिग्री की कमी दर्ज की गई। बारिश होने से मौसम सुहावना हो गया और न्यूनतम तापमान गिरकर 17.9 डिग्री हो गया। रांची में पिछले 24 घण्टों के दौरान 15 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। इससे लोगों को ठंड का एहसास हुआ। अप्रैल माह में नवम्बर-दिसम्बर जैसी स्थिति रही। मौसम विभाग ने 19 अप्रैल तक राज्य भर में गर्जन, वज्रपात और तेज हवा चलने की आशंका जतायी है। इससे लोगों को गर्मी से राहत मिलेगी। इस लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। उल्लेखनीय है कि काल बैसाखी के कारण मौसम का यह रुख देखने को मिल रहा है। वहीं बुधवार को रांची में तापमान 30.7, जमशेदपुर में 33 डिग्री, डालटेनगंज में 36.6 और बोकारो में अधिकतम तापमान 32.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

नेशनल हेराल्ड मामले में चोरी के साथ सीनाजोरी कर रही कांग्रेस : बाबूलाल

PHOTON NEWS RANCHI : भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी की ओर से कांग्रेस प्रमुख सोनिया गांधी और राहुल गांधी पर चार्जशीट दाखिल किए जाने के बाद निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी चोरी भी करती है फिर धरना प्रदर्शन के रूप में लूट को छिपाने के लिए सीनाजोरी भी करती है। उन्होंने ईडी की कार्रवाई को उचित कार्रवाई बताया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में धरना प्रदर्शन का अधिकार है। कांग्रेस पार्टी देश भर में धरना प्रदर्शन कर रही है लेकिन उन्हें जमीन और फंड लूटने का अधिकार नहीं है। बाबूलाल मरांडी बुधवार को पार्टी प्रदेश कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने ने कहा नेशनल हेराल्ड को शुरू किया गया था। शुरुआत में इसके पांच हजार शेयर होल्डर्स थे। यानी नेशनल हेराल्ड कभी नेहरू खानदान की जागीर नहीं रहा। इसमें उस समय के बड़े-बड़े क्रांतिकारियों का भी सहयोग था। उन्होंने कहा कि नेशनल हेराल्ड का प्रकाशन आर्थिक विफलता के कारण 2008 में बंद हो गया। इसके बाद कांग्रेस पार्टी ने 90 करोड़ रुपये की राशि एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड को दी, जो इस अखबार को प्रकाशित करती थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस एक राजनीतिक पार्टी है जिसे कई प्रकार की छूट मिलती है] लेकिन राजनीतिक पार्टी किसी निजी संस्था को पार्टी का फंड नहीं दे सकती। यह पूरी तरह से गैर कानूनी है। कांग्रेस ने नेशनल हेराल्ड की पूरी संपत्ति को गांधी परिवार के हाथों में लाने के लिए एक कॉर्पोरेट साजिश रची। यंग इंडिया नाम की एक कंपनी बनाई गई जिसमें 38 प्रतिशत हिस्सा सोनिया गांधी का और 38 प्रतिशत राहुल गांधी का रखा गया।

जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में कई मामलों का किया गया निपटारा

पिठोरिया : समस्याओं का हुआ त्वरित समाधान

RANCHI : बुधवार को पिठोरिया थाना परिसर में आयोजित जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। थाना प्रभारी अभय कुमार ने बताया कार्यक्रम में जनता की भागीदारी संतोषजनक रही। इसका मुख्य उद्देश्य पुलिस और जनता के बीच संवाद को बढ़ाना और शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है, ताकि ग्रामीण इलाकों के लोग अपनी समस्याएं सीधे पुलिस तक पहुंचा सकें। इस मौके पर लंबित केस, जमीन विवाद, पेयजल आदि से जुड़े समस्या भी जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में आए, जिनका समाधान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से थाना प्रभारी अभय कुमार, एसआई संतोष यादव, सुनील कुमार दास, संजय कुमार, मुंशी अजय कुमार मौजूद थे।

PHOTON NEWS RANCHI : बुधवार को बेड़ो थाना परिसर में एक दिवसीय जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों की ओर से बड़ी संख्या में आवेदन प्रस्तुत किए गए। बेड़ो थाना क्षेत्र से कुल 10 और नरकोपी थाना क्षेत्र से 4 मामले सामने आए। कार्यक्रम के दौरान बेड़ो थाना में प्राप्त 10 आवेदनों में से 7 मामले भूमि विवाद से संबंधित पाए गए, जिन्हें संबंधित अंचल कार्यालय को अग्रसारित किया गया। मोबाइल से जुड़े 3 मामलों का समाधान मौके पर ही कर दिया गया। नरकोपी थाना से आए 4 मामलों में से 2 का निष्पादन मौके पर किया गया, जबकि शेष दो भूमि मामलों को भी अंचल कार्यालय भेजा गया। मौके पर डीएसपी अशोक कुमार राम, पुलिस सब इंस्पेक्टर अक्षय कुमार, बेड़ो थाना प्रभारी देव प्रताप प्रधान, नरकोपी के थाना प्रभारी नागेश्वर साव, अंचल निरीक्षक फिरोज खान सहित कई पुलिस के पदाधिकारी और जवान मौके पर मौजूद थे।

मारवाड़ी ब्राह्मण सभा 30 को मनाएगी भगवान परशुराम की जयंती

RANCHI : रांची मारवाड़ी ब्राह्मण सभा रांची की ओर से अक्षय तृतीया के दिन 30 अप्रैल को भगवान परशुराम की जयंती मनाई जाएगी। इस उपलक्ष्य में सभा की ओर से कई तरह की प्रतियोगिताएं कराई जाएगी। सभा के अध्यक्ष अशोक पुरोहित ने बुधवार को बताया कि इससे पहले समाज के बच्चों के लिए मारवाड़ी ब्राह्मण भवन में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इसके अलावा चित्रांकन प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी, म्यूजिकल चेयर गेम और उसके बाद भाषण प्रतियोगिता होगी।

आर्मी ग्राउंड पहुंचे सेठ, एयर शो की तैयारियों का लिया जायजा

एयर शो की तैयारियों का जायजा लेते केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ● फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS RANCHI : रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ तंजानिया के दौरे के बाद बुधवार को रांची पहुंचे। यहां रक्षा राज्य मंत्री सीधे नामकुम आर्मी ग्राउंड गए, जहां सूर्य किरण की टीम की ओर से 19 और 20 अप्रैल को एयर शो आयोजित किया जाएगा। रक्षा राज्य मंत्री ने मौके पर वायु सेवा के अधिकारियों के साथ कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की और इस एयर शो के रूपरेखा से संबंधित जानकारी प्राप्त की। उल्लेखनीय है कि रांची में विश्वस्तरीय एयर शो का आयोजन सूर्य किरण टीम कर रही है। भारतीय वायुसेना की यह टीम विमानों की कई रोमांचकारी करतब दिखाएगी। इस दौरान संजय सेठ ने कहा कि सेना के जवानों का शौर्य और कौशल को करीब से देखने का यह ऐतिहासिक और अविस्मरणीय अवसर होगा। इसे ऐतिहासिक और अविस्मरणीय बनाने के लिए वायुसेना अथक परिश्रम कर रही है। रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि उनका यह प्रयास रहा कि रांची की जनता सेना के शौर्य कौशल को करीब से देख सके और सेना में सेवा के लिए युवाओं की उत्सुकता बढ़े। इसी उद्देश्य के साथ उन्होंने पिछले वर्ष सेना को जानो कार्यक्रम का तीन दिवसीय आयोजन कराया था। यह कार्यक्रम भी उसी कड़ी का एक हिस्सा है।

महिला की शिकायत पर डीआईजी ने किया ऑन द स्पॉट फैसला

PHOTON NEWS RANCHI : बुधवार को रांची पुलिस द्वारा जन शिकायत समाधान के दौरान डीआईजी सह एसएसपी ने कई मामलों में कड़े तेवर दिखाए। इस दौरान उन्होंने ऑन द स्पॉट फैसले किए। उन्होंने जन शिकायत केंद्र में एक जमीन दलाल को हवालात के पीछे भेज दिया। रांची के सुखदेव नगर की रहने वाली एक महिला जन शिकायत समाधान केंद्र में अपनी पीड़ा लेकर पहुंची थी। महिला ने डीआईजी सह एसएसपी को यह बताया कि कुछ आपराधिक तत्व उनके घर आकर उन्हें डरा धमका रहे हैं। मामले में तुरंत एक्शन लेते हुए एसपी ने महिला के घर जाकर धमकाने वाले व्यक्ति को सीधे फोन करके जन समाधान केंद्र तलब कर लिया। इमरान नाम का वह व्यक्ति जब जन समाधान केंद्र पहुंचा तो एसएसपी के सामने ही पीड़ित महिला ने उसकी पहचान करते हुए उसके द्वारा की गई सारी करतूत को उजागर कर दिया। जिसके बाद एसएसपी ने तुरंत इमरान को हिरासत में लेने का आदेश दिया। एसएसपी के आदेश के बाद इमरान को हिरासत में लेकर थाना भेज दिया गया है, जहां मामले को लेकर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

झामुमो के कैंप कार्यालय पहुंचे हेमंत, हुआ स्वागत

झामुमो के कैंप कार्यालय में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व सुप्रियो भट्टाचार्य ● फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड मुक्ति मोर्चा झामुमो के नवनिर्वाचित केंद्रीय अध्यक्ष हेमंत सोरेन बुधवार को पार्टी के हरमू स्थित कैंप कार्यालय पहुंचे। यहां उनका स्वागत पार्टी के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य और विनोद कुमार पांडेय ने बुके देकर किया। मौके पर उन्होंने कार्यालय का निरीक्षण किया और पार्टी के अन्य सदस्यों से मशविरा किया। मौके पर पार्टी महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने बताया कि पूरी पार्टी युवा अध्यक्ष के रूप में हेमंत सोरेन को पाकर गौरवान्वित है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय अध्यक्ष हेमंत सोरेन आने वाले दिनों में पार्टी के कार्यों का निर्धारण करेंगे और नई उर्जा से पार्टी को मजबूती देंगे। उन्होंने बताया कि अगले दो-तीन माह में बरियातू स्थित पार्टी का केंद्रीय कार्यालय भी बनकर तैयार हो जाएगा। इस नए कार्यालय का उद्घाटन पार्टी के संस्थापक संरक्षक शिबू सोरेन करेंगे। पार्टी का यह कार्यालय लगभग बनकर तैयार है।

मनरेगा घोटाला मामले में आईएएस पूजा सिंघल व अन्य ने कोर्ट में लगाई हाजिरी

PHOTON NEWS RANCHI : मनरेगा घोटाला मामले में आरोपित आईएएस पूजा सिंघल उनके पति अभिषेक झा और सीए सुमन कुमार सिंह ने पीएमएलए की विशेष कोर्ट में हाजिरी लगाई। कोर्ट ने जमानत की सुविधा देते हुए निर्धारित तिथि रखी थी, जिसे पूरा करते हुए तीनों आरोपी कोर्ट में उपस्थित हुए। उल्लेखनीय है कि पूजा सिंघल को 28 माह जेल में रहने के बाद जमानत मिली थी। इस मामले में ईडी ने मई 2022 में कार्रवाई की थी, जिसमें पूजा सिंघल, उनके पति और सीए सुमन कुमार सिंह के ठिकानों पर छापेमारी हुई थी। इस छापेमारी में सुमन कुमार सिंह के यहां से 19 करोड़ 31 लाख रुपये नकद बरामद हुए थे। इस मामले में एसीबी ने पहले कार्रवाई करते हुए 16 केस दर्ज किए थे, जिसके बाद ईडी ने 2022 में मामला अपने हाथ में लिया था।

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना : अंत्योदय के तहत मिलने वाली सहायता में भी कटौती

पड़ोसी राज्यों की तुलना में झारखंड को मिला कम अनाज

» गेहूं व चावल मिलाकर दिया गया है 1,45,999.45 मीट्रिक टन

» उत्तर प्रदेश व बिहार को किया गया सबसे ज्यादा आवंटन

अप्रैल से जून तक मिलेगी चीनी

राज्य के राशन कार्डधारियों को अप्रैल से जून तक चीनी मिलेगी। इसके लिए 27 हजार क्विंटल चीनी खरीदी जाएगी। इसका टेंडर जारी कर दिया गया है। पलामू प्रमंडल को 2701 क्विंटल, उत्तरी छोटानागपुर को 7527 क्विंटल, दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल को 5959 क्विंटल, कोल्हान को 5557 क्विंटल और संथाल परगना को 5069 क्विंटल चीनी आवंटित किया जाएगा। प्रीबिड मीटिंग 21 अप्रैल को होगी। ई-केवाईसी नहीं कराने पर संबंधित व्यक्ति या परिवार को राशन मिलने की सुविधा से वंचित होना पड़ सकता है। ऐसे में कार्डधारकों को समय रहते यह प्रक्रिया पूरी करने को कहा गया है।

PHOTON NEWS RANCHI : केंद्र सरकार की ओर से राज्यों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत दिए जाने वाले अनाजों के आवंटन में झारखंड को नजर अंदाज किया गया है। राज्य को पड़ोसी राज्यों से कम अनाज मिला है। गेहूं और चावल मिलाकर कुल 1,45,999.45 मीट्रिक टन ही अनाज मिला है, जो बिहार, मध्यप्रदेश और उड़ीसा सहित अन्य राज्यों से कम है। पड़ोसी राज्य बिहार को 4,60,591.70 मीट्रिक टन, मध्यप्रदेश को 2,91,149.57 मीट्रिक टन और उड़ीसा को 1,87,651.95 मीट्रिक टन अनाज केंद्र सरकार की ओर से दिया गया है। सबसे ज्यादा उत्तर प्रदेश को 8,26,056.23 मीट्रिक टन अनाज दिया गया है। 460591.70 मीट्रिक टन अनाज आवंटन के साथ बिहार दूसरे नंबर पर है। इतना ही नहीं, अंत्योदय अन्न योजना में भी झारखंड को अन्य राज्यों की तुलना में कम अनाज मिला है। इस योजना के तहत झारखंड को सिर्फ 31,285.10 मीट्रिक टन अनाज मिला है। बिहार को 87,535.00, मध्यप्रदेश को 51,217.63 और ओडिशा को 43,849.57 मीट्रिक टन अनाज दिया गया है।

जायरीनों को उपलब्ध कराई जाएंगी सभी सुविधाएं : इरफान अंसारी

PHOTON NEWS RANCHI : बुधवार को स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि हज हाउस में हज कमेटी का अध्यक्ष होने के नाते हज पर जाने वाले जायरीनों के लिए आयोजित एक दिवसीय हज प्रशिक्षण शिविर में शिरकत की। हमारे साथ मंत्री हफीजुल हसन अंसारी जी भी मौजूद रहे। हज को सुरक्षित और सुगम बनाने के उद्देश्य से झारखंड स्टेट हज कमेटी ने यात्रियों को विशेष प्रशिक्षण प्रदान कर हज यात्रियों को एक साथ हज से जुड़ी प्रक्रियाएं, नियमावली, स्वास्थ्य सुरक्षा और यात्रा से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की है। जायरीन को वह सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, जिनकी उन्हें जरूरत है। सरकार आपको झारखंड से लेकर मक्का-मदीना तक आपके खिदमत में उपस्थित रहेगी। हज पर जा रहे आप सभी हज यात्रियों से दरख्वास्त है कि राज्य एवं मुल्क में अमन-चैन, आपसी भाईचारे को मजबूत करने को लेकर दुआएं करते हुए वापस लौटें।

शिक्षा विभाग के भ्रष्टाचार की जांच कराएं मुख्यमंत्री : डॉ. अटल

RANCHI : रांची विश्वविद्यालय के पूर्व सीनेट सह सिंडिकेट सदस्य डॉ अटल पाण्डेय और अर्जुन कुमार राम ने बुधवार को राजभवन और मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर उच्च शिक्षा विभाग में हो रहे भ्रष्टाचार की जांच कराने की मांग की है। डॉ पाण्डेय ने कहा कि विभा पाण्डेय, जो नीलाम्बर - पीताम्बर विश्वविद्यालय की प्राध्यापिका हैं, उन्हें उच्च शिक्षा विभाग ने अपने ही नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए, बिना विश्वविद्यालय में योगदान कराए और बगैर कुलपति की अनुमति के सेवा विस्तार दे दिया। उन्होंने कहा कि विभा पाण्डेय पिछले पांच वर्षों से कार्यरत हैं, जबकि उच्च शिक्षा विभाग ने ही पत्र जारी कर कहा था कि जिनकी सेवा तीन वर्ष पूर्ण हो जायेगी वे स्वतः विरमित समझे जाएंगे।

समाचार सार

अनुमंडल पुलिस ने सुनी जनता की शिकायत

GHATSILA : प्रखंड कार्यालय सभागार में बुधवार को अनुमंडल पुलिस की ओर से जन शिकायत समाधान कार्यक्रम किया गया, जिसमें ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग, प्रशिक्षु आईपीएस ऋषभ त्रिवेदी व अनुमंडल पदाधिकारी सुनील चंद्र भी उपस्थित थे। इसमें अधिकांश मामले जमीन विवाद से जुड़े थे। ग्रामीण एसपी ने संबंधित विभाग से निष्पादन कराने का आश्वासन दिया। इसमें बहरागोड़ा प्रखंड के आनंद कुमार साव, मनोज कुमार बांसुरी सहित अन्य लोगों ने अपनी समस्या रखी। ग्रामीण एसपी ने कहा कि किसी भी तरह के मामले को जन शिकायत कार्यक्रम में रखा जा सकता है, उसका त्वरित निष्पादन किया जाएगा।

पश्चिमी सिंहभूम में निकला पोषण रथ

CHAIBASA : पश्चिमी सिंहभूम जिले में बुधवार से पोषण पखवाड़ा शुरू हुआ। समाहरणालय परिसर से उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने रथ और सेविका स्कूटी रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ 22 अप्रैल तक पूरे जिले में घूम-घूम कर लोगों को पौष्टिक खानपान के प्रति जागरूक करेगा। इस अवसर पर अपर उपायुक्त प्रवीण केरकेट्टा, नजारत उप समाहर्ता देवेंद्र कुमार, जिला पंचायत राज पदाधिकारी सबिता टोपनो, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्वेता भारती, जिला योजना पदाधिकारी फ्रांसिस कुजूर और सहायक निदेशक-सामाजिक सुरक्षा खुशेंद्र सोनकेशरी भी उपस्थित थे।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ईडी के खिलाफ किया प्रदर्शन

JAMSHEDPUR : अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी व प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से बुधवार को बिष्टुपुर स्थित जीएसटी ऑफिस के बाहर प्रदर्शन किया गया। इसके बाद जीएसटी कमिश्नर को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इसमें कहा गया है कि कांग्रेस पार्टी के मुखपत्र नेशनल हेराल्ड की संपत्ति को लेकर ईडी गलत तरीके से कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी व वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया गया है। प्रदर्शन का नेतृत्व जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने किया।

नेशनल क्रिएटिविटी ओलंपियाड 19-20 को

JAMSHEDPUR : इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स इंडिया, जमशेदपुर लोकल सेंटर की ओर से 19-20 अप्रैल को नेशनल क्रिएटिविटी ओलंपियाड का आयोजन किया जा रहा है। बिष्टुपुर स्थित एसएनटीआई ऑडिटोरियम में सुबह 11 से शाम 6 बजे तक होने वाली प्रतियोगिता में 8 राज्यों से करीब 32 छात्र भाग लेंगे। संस्थान के चेयरमैन सतीश कुमार तिवारी व ऑर्गनाइजिंग चेयरमैन एन राजेश कुमार ने बताया कि इसमें उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, बंगाल, ओडिशा, तेलंगाना आदि के स्कूलों से 9-12 के छात्र आ रहे हैं, जो साइंस एंड टेक्नोलॉजी थीम पर भूमि-संरक्षण पर आधारित मॉडल प्रदर्शित करेंगे। जमशेदपुर के 5 स्कूल भी इसमें भाग लेंगे। इस दौरान एसडी भट्टाचार्य व डॉ. एसके नारंग ने बताया कि संस्थान यह आयोजन 20 वर्ष से कर रहा है, जबकि पिछला आयोजन 2022 में हुआ था।

हरि संकीर्तन महोत्सव शुरू

CHAKRADHARPUR : चक्रधरपुर प्रखंड अंतर्गत चंदरी पंचायत के पनसुवां गांव में बुधवार को तीन दिवसीय श्रीश्री राधा गोविंद हरि संकीर्तन महोत्सव का आयोजन किया गया। गांव में भव्य कलश यात्रा निकालकर हरि संकीर्तन का शुभारंभ किया गया। कलश यात्रा गांव के नदी से निकालकर समूचे गांव में भ्रमण करते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंची। संकीर्तन का आरंभ हरिनाम जाप से किया गया।

जमशेदपुर में चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले अंतरराज्यीय चोर गिरोह के छह सदस्य धराए

चोरी का गहना खरीदने वाले आभूषण कारोबारी को भी भेजा गया जेल, 99 ग्राम सोना बरामद

- घोड़ाबांधा के गर्म पत्थर क्षेत्र में पहुंचे थे गिरोह के सदस्य
- गोविंदपुर के थाना प्रभारी को मिली थी गुप्त सूचना, एसएसपी ने भेजी टीम

PHOTON NEWS JSR: गोविंदपुर थाना की पुलिस ने घोड़ाबांधा हॉस्पिटल के सामने गर्म पत्थर इलाके से छह चोरों को गिरफ्तार किया है। इन चोरों की निशानदेही पर मानगो के गुरुद्वारा रोड के रहने वाले स्वर्ण आभूषण कारोबारी अजय कुमार बर्मन को भी पुलिस ने पकड़ा है। अजय कुमार बर्मन के पास से 99 ग्राम सोना बरामद हुआ है। यह सोना चोरों ने विभिन्न फ्लैटों में चोरी की घटना को अंजाम देकर एकत्र किए थे और इसे अजय कुमार बर्मन के पास बेच दिया था। पुलिस ने डकैतों के पास से एक देसी कट्टा, एक कारतूस, एक रिंच, एक पेचकस और एक टॉर्च भी बरामद किया है।

पुलिस गिरफ्त में चोरी के आरोपी व मामले की जानकारी देते सिटी एसपी कुमार शिवाशीष • फोटोन न्यूज

ओडिशा, मध्य प्रदेश व महाराष्ट्र के रहने वाले हैं आरोपी

पुलिस ने जिन लोगों को गिरफ्तार किया है, उनमें ओडिशा के पुरी जिला के बसेली थाना क्षेत्र के लोकनाथ बस्ती का रहने वाला तारा सिंह चौहान, यहीं का राहुल चौहान, मध्य प्रदेश के कटनी के शहडोल का रहने वाला अजय चौहान, यहीं का आशीष चौहान, कटनी के बेला कला गांव का बाबू गोंदिया और महाराष्ट्र के औरंगाबाद के छावनी थाना क्षेत्र का रहने वाला संदीप सोलंकी गिरफ्तार हुआ है। यह जानकारी सिटी एसपी कुमार शिवाशीष ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में पत्रकारों को दी।

दयाल सिटी व रॉक गार्डन में चोरी का हुआ खुलासा

सिटी एसपी ने बताया कि इन चोरों ने परसुडीह थाना क्षेत्र के दयाल सिटी में चार फ्लैट और गोविंदपुर के रॉक गार्डेन के 10 फ्लैटों में चोरी की घटना को अंजाम देने की बात कुबूल की है। उन्होंने बताया कि इन चोरों को अभी जेल भेजा जा रहा है। बाद में इन्हें रिमांड पर लेकर और पूछताछ की जाएगी।

एसएसपी के निर्देश पर बनी थी छापामारी टीम

उन्होंने बताया कि गोविंदपुर थाना प्रभारी को गुप्त सूचना मिली थी की छह बदमाश घोड़ाबांधा हॉस्पिटल के सामने गर्म पत्थर इलाके में टेंपो से उतरे हैं। यह अनजान चेहरे लग रहे हैं। उनके पास लोहे के औजार भी हैं। ये चोर हो सकते हैं। इसके बाद उन्होंने घटना की जानकारी एसएसपी को दी। एसएसपी ने सिटी डीएसपी के नेतृत्व में एक छापामारी दल गठित किया और जहां पर यह कर एकत्र होकर डकैती की घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे थे, वहां छापामारी कर दी और सभी बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया गया।

जनशिकायत समाधान कार्यक्रम में भूमि विवाद की रही भरमार, आईं 296 शिकायतें

बिष्टुपुर स्थित माइकल जॉन ऑडिटोरियम में सुबह से शाम तक चला शिविर

PHOTON NEWS JSR: बिष्टुपुर के माइकल जॉन आडिटोरियम में बुधवार को जन शिकायत समाधान कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में भूमि विवाद की भरमार रही। सबसे अधिक जमीन विवाद के मामले आए। इसके अलावा, मारपीट करने, थानों में प्राथमिकी दर्ज नहीं किए जाने समेत कई अन्य मामले भी आए। कई मामले अन्य विभागों से संबंधित थे, जिन्हें ले लिया गया। आईजी अखिलेश झा ने बताया कि जो मामले जिस विभाग के हैं उन्हें निस्तारण के लिए संबंधित विभाग में भेज दिया जाएगा। इस कार्यक्रम में कुल 296 शिकायतें आई हैं। राज्यभर में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। बिष्टुपुर स्थित माइकल जॉन ऑडिटोरियम में चौथी बार यह कार्यक्रम हुआ। इस कार्यक्रम में दक्षिणी छोटानागपुर के जोनल आईजी अखिलेश झा, वरीय पुलिस अधीक्षक कौशल किशोर सहित जिले के अन्य प्रशासनिक और पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे। आईजी अखिलेश झा ने बताया कि पुलिस से संबंधित शिकायतों का निवारण नियम के अनुरूप किया जा रहा है। वहीं, अन्य विभागों से संबंधित मामलों को उचित विभाग को हस्तांतरित कर कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस शिविर का लाभ उठाएं और अपनी समस्याओं के समाधान हेतु आगे आएं।

लोगों की समस्या सुनते आईजी अखिलेश झा • फोटोन न्यूज

मेला से लौट रहे बच्चे को ट्रैक्टर ने कुचला

CHAIBASA : पश्चिमी सिंहभूम जिले के पांडरासाली थाना क्षेत्र में ट्रैक्टर की चपेट में आकर बड़ा पताहातु गांव निवासी बोंज लेयांगी के बेटे 12 वर्षीय तुराम लेयांगी की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, तुराम मंगलवार रात को सिंदरी गांव में मेला देखने गया था। मेला देखकर देर रात घर लौटते समय एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने धक्का मार दिया, जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। बुधवार को सुबह पांडरासाली ओपी पुलिस को घटना की सूचना दी गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ट्रैक्टर का पता लगा रही है।

लाइसेंसी शराब दुकान में हुई लाखों की चोरी, सीसीटीवी में कैद हुए चोर

शराब दुकान का निरीक्षण करते पुलिस पदाधिकारी • फोटोन न्यूज

CHAKRADHARPUR : चक्रधरपुर के पुराना रांची रोड स्थित एक लाइसेंसी विदेशी शराब दुकान में बीती रात लाखों की चोरी हो गई। चोर दुकान की छत काटकर भीतर घुसे और लाखों रुपये ले गए। घटना का खुलासा गुरुवार को सुबह में हुआ, जब दुकान के सेल्समैन राजमोहन प्रजापति ने दुकान का खोला। दुकान में सामान बिखरे पड़े थे और पैसा रखने वाला मुख्य लॉकर गायब था। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। इसके बाद आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। एक फुटेज में तीन चोर नजर आ रहे हैं। सेल्समैन के अनुसार, लॉकर में करीब डेढ़ लाख रुपये थे। चोरों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

बीएड में एडमिशन के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 20 को

JAMSHEDPUR : झारखंड में बीएड, एमएड व बीपीएड प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रहे ऐसे अभ्यर्थी, जिन्होंने अभी तक आवेदन नहीं किया है उनके लिए महत्वपूर्ण अपडेट सामने आया है। झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा परिषद (जेसीईसीईबी) ने सत्र 2025-27 के लिए इन पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आयोजित होने वाली संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा के ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 20 अप्रैल निर्धारित की है। ऐसे में आवेदन में सिर्फ चार दिन शेष है। अभ्यर्थी आधिकारिक वेबसाइट jceceb.jharkhand.gov.in के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आवेदन शुल्क सामान्य वर्ग के लिए 1000 रुपये, पिछड़ा वर्ग के लिए 750 रुपये, एससी-एसटी व महिला अभ्यर्थियों के लिए 500 रुपये निर्धारित किया गया है।

11 मई को होगी परीक्षा

यह परीक्षा 11 मई को ऑफलाइन मोड में ओएमआर शीट पर ली जाएगी। परीक्षा में कुल 100 अंकों के बहु विकल्पीय प्रश्न (एमसीक्यू) होंगे। प्रत्येक सही उत्तर के लिए एक अंक दिया जाएगा, जबकि गलत उत्तर के लिए 0.25 अंक काटे जाएंगे। आवेदन के लिए अभ्यर्थी का 50 फीसदी अंक के साथ स्नातक (आरक्षित वर्ग के लिए 45 फीसदी) पास होना अनिवार्य है। इंजीनियरिंग या टेक्नोलॉजी में डिग्री धारकों के लिए अंक सीमा 55 फीसद है। इस प्रवेश परीक्षा के लिए सभी जिलों में परीक्षा केंद्र बनाया जाएगा।

घाटशिला कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आरके चौधरी को दी गई विदाई

GHATSILA : घाटशिला कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आरके चौधरी कोल्हान विश्वविद्यालय, चाईबासा के सीसीडीसी बनाए गए हैं। इसे लेकर बुधवार को कालेज में समारोहपूर्वक विदाई दी गई। उन्होंने डॉ. पीके गुप्ता को प्रभार दिया। इस मौके पर प्रो. इंदल पासवान, कॉलेज के सेवानिवृत शिक्षक प्रो. मित्रेश्वर, प्रो. सुबोध कुमार सिंह, निर्मल झुनझुनवाला, राकेश कुमार शर्मा आदि भी उपस्थित थे।

निजी स्कूलों में फीस वसूली पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने लिया संज्ञान

PHOTON NEWS CHAIBASA : पश्चिमी सिंहभूम जिले में निजी विद्यालयों (सीबीएसई) के अभिभावकों से ली जा रही फीस के विरुद्ध मानवाधिकार कार्यकर्ता बैरम खान की शिकायत पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने संज्ञान लिया है। मंत्रालय के अपर सचिव आनंद राव पाटेल, डिप्टी सेक्रेटरी (स्कूली बोर्ड) को संज्ञान लेने को कहा गया है। इसके बाद केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के डिप्टी सेक्रेटरी गुलजारी लाल ने झारखंड शिक्षा विभाग को इस मामले पर कार्रवाई के लिए कहा है। बैरम खान ने कहा कि यह मामला सिर्फ चक्रधरपुर का नहीं, पूरे राज्य का है। ये धंधा सबकी मिलीभगत से फल-फूल रहा है। शिकायत के बाद निजी स्कूल कुछ अभिभावकों को डराकर अब आवेदन जमा ले रहे हैं कि हम अपनी मर्जी से स्कूल को राशि दे रहे हैं। दूसरे चरण में हमलोग पूरे चक्रधरपुर के लोगों से हस्ताक्षर अभियान चलाकर झारखंड हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट को पत्र भेजेंगे। जरूरत पड़ी तो न्यायालय की शरण में भी जाएंगे।

प्राइवेट स्कूलों में वसूली पर शिक्षा मंत्री को भेजा ज्ञापन

घाटशिला के अनुमंडल कार्यालय पहुंचे कांग्रेस कार्यकर्ता • फोटोन न्यूज

GHATSILA : झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव सह 20 सूत्री के जिला सदस्य सनत काल्टु चक्रवर्ती के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षा मंत्री के नाम घाटशिला एसडीओ को ज्ञापन सौंपा। इसमें मांग की गई है कि अनुमंडल क्षेत्र के निजी स्कूलों में सरकारी नियमों का उल्लंघन कर छात्रों एवं अभिभावकों से मनमाना शुल्क वसूला जा रहा है, इस पर प्रतिबंध लगाया जाए। सरकार के सख्त आदेश के बाद भी निजी स्कूल री-एडमिशन सहित अन्य कई तरह के शुल्क मनमाने ढंग से वसूल रहे हैं। इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष सत्यजीत सीट, शमशाद खान, भुजंग भूषण, अजय देव, रविंद्र सिंह दानिश सिद्दीकी, कुंडल दत्ता आदि कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।

पेंशन की आस में दफ्तर के चक्कर काट रहीं महिलाएं, सामाजिक सुरक्षा विभाग में लगा आवेदकों का जमावड़ा

दगा दे गई मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की वेबसाइट

PHOTON NEWS JSR : मरम्मत के काम के लिए बंद की गई झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की साइट महिलाओं को दगा दे गई। सरकार की तरफ से कहा गया था कि यह साइट 15 अप्रैल तक के लिए बंद की जा रही है। साइट को हर हाल में 16 अप्रैल यानी बुधवार को खोल दिया जाएगा। इसके बाद बुधवार को पूर्वी सिंहभूम जिले के सामाजिक सुरक्षा कोषांग के कार्यालय से लेकर प्रखंडों के अंचल कार्यालयों में महिलाएं जमा रहीं। मगर, क्लर्क उनको यही बताते रहे कि साइट अभी खुली नहीं है। इस वजह से इस योजना से जुड़ी कोई जानकारी उन्हें नहीं बताई जा सकी। इससे महिलाएं नाराज दिखीं। महिलाओं का कहना था कि विभाग उन्हें सिर्फ दौड़ा रहा है। हर बार कोई न कोई बहाना बनाता है।

पूनम देवी करनडीह से आई थीं। उन्होंने डीसी ऑफिस के ग्राउंड फ्लोर पर मौजूद सामाजिक सुरक्षा कोषांग के कार्यालय में जाकर क्लर्क से पूछा कि उनकी झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की पेंशन क्यों नहीं आ रही है। इस पर क्लर्क ने महिला को साइट बंद होने की बात बताई। पूनम की तरह दर्जनों महिलाएं कार्यालय में जमा थीं। सबको साइट नहीं खुलने की बात बताई जा रही थी।

जन शिकायत कोषांग पहुंचीं महिलाएं • फोटोन न्यूज

आज तक खाते में नहीं आया पैसा

सामाजिक सुरक्षा कोषांग आई महिलाओं का कहना है कि वह कई महीने से अंचल कार्यालय से लेकर डीसी दफ्ततर तक दौड़ रही हैं। मगर, उनकी पेंशन की रकम नहीं आई है। कोई भी अधिकारी सही बात नहीं बता रहे हैं। सब यही आश्वासन दे रहे हैं कि जल्द ही रकम आ जाएगी। अब तक पैसा क्यों नहीं आ रहा यह एक पहेली है। अंचल के अधिकारी डीसी दफ्तर जाने की बात कहते हैं। जबकि, डीसी ऑफिस से उन्हें अंचल कार्यालय भेजा जा रहा है।

कई महिलाओं को नहीं मिली जनवरी से मार्च तक की राशि

जनवरी से मार्च तक की राशि सरकार ने भेज दी है। जिन महिलाओं का खाता डीबीटी है, उनके खाते में यह राशि पहले ही चली गई है। 7500 रुपये एक खाते में भेजे गए हैं। मगर, जिन महिलाओं के बैंक खाते नॉन डीबीटी थे, सरकार ने उन खातों में रकम नहीं भेजने को कहा था। हालांकि, बाद में सरकार ने अपना आदेश पलट दिया और नॉन डीबीटी खाते में रकम भेजने के आदेश दिए। तब से यह रकम नॉन-डीबीटी खातों में भेजी जा रही है। बुधवार को ऐसी कई महिलाएं सामाजिक सुरक्षा कोषांग के कार्यालय पहुंचीं, जिनका खाता नॉन डीबीटी है। इन्हें बताया गया कि उनके खाते में रकम भेजी जा रही है। इन महिलाओं का कहना है कि वह कई दिनों से दौड़ रही हैं। सामाजिक सुरक्षा विभाग के कर्मचारी उन्हें हर बार यही जानकारी देते हैं। मगर, अब तक खाते में पैसा नहीं गया है।

देसी शराब व 200 किलो महुआ जब्त दो गिरफ्तार

CHAIBASA : पश्चिमी सिंहभूम जिले के जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र में उत्पाद विभाग के अवर निरीक्षक निर्भय कुमार सिंह के नेतृत्व में छापेमारी की गई। इसमें शिव मंदिर टोला के पास भारी मात्रा में देसी शराब और 200 किलो जावा महुआ जब्त किया गया। इसी दौरान दो शराब विक्रेताओं को गिरफ्तार भी किया गया।

न्यूनतम मानदेय को लेकर 108 एंबुलेंस के चालकों ने की हड़ताल

चाईबासा स्थित सदर अस्पताल परिसर में नारेबाजी करते एंबुलेंस चालक

CHAIBASA : पश्चिमी सिंहभूम जिले के चाईबासा सदर अस्पताल परिसर में बुधवार को आपातकालीन 108 एंबुलेंस के चालकों ने झारखंड सरकार से न्यूनतम मानदेय भुगतान कराने की मांग पर बैठक की, जिसके बाद वे अनिश्चतकालीन हड़ताल पर चले गए। बैठक की अध्यक्षता कर रहे शैलेंद्र महतो ने कहा कि सम्मान फाउंडेशन संस्था द्वारा 4 फरवरी 2025 से राज्य में 108 एंबुलेंस का संचालन किया जा रहा है, परंतु फरवरी और मार्च का न्यूनतम मानदेय अभी तक नहीं दिया गया है। जिले में आधे से ज्यादा एंबुलेंस बंद होने के कारण मरीजों को समय पर एंबुलेंस उपलब्ध कराने में असक्षम हो रहे है। जो एंबुलेंस चल रहे है, वह भी खराब स्थिति में हैं। एंबुलेंस में फर्स्टएड किट व ऑक्सीजन से संबंधित समस्या शुरू से ही है। एंबुलेंस चालकों ने उपायुक्त व सिविल सर्जन को मांगपत्र भी सौंपा है। धरना-प्रदर्शन में प्रद्युम्न महतो, शुभम प्रधान, रोहित चंद्र महतो, प्रेम सिंह ओरिया, कैलाश कुमार, संतोष कुमार महतो, अमर महतो, मुकेश महतो, हेमंत कुमार गोप, जितेंद्र नाथ महतो, निर्मल महतो, सचिन कुमार महतो आदि भी शामिल थे।

BRIEF NEWS

मवेशी लदी गाड़ी पलटी चार मवेशियों की मौत एक सवार घायल

ARARIA : बिहार में अररिया जिला ढोलबज्जा के निकट एनएच 27 फोरलेन सड़क पर बीती देर रात ट्रक के ठोकर से मवेशी लदा पिकअप गाड़ी पलट गई। जिससे पिकअप पर लोड चार मवेशी की मौत हो गई। जबकि दो मवेशी घायल हो गए। पिकअप पर सवार तीन लोग भी गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जिसे इलाज के लिए देर रात फारबिसगंज अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया और उनका इलाज किया गया। घायलों में सिमरबनी पिपरा वार्ड संख्या दो के रहने वाले मुस्तफा पिता मो.फूल हसन,सिमरबनी सिमरिया वार्ड संख्या तीन के मनीष कुमार पिता वीरेन्द्र मंडल और सिमरबनी वार्ड संख्या दो के अब्दुल गफ्फार पिता मो.अब्दुल अंसारी है।

नालंदा में किसानों का यूनिक फार्मर आईडी बनाने का कार्य शुरू

NALANDA : नालंदा जिलान्तर्गत प्रखंड के माधोपुर पंचायत में किसानों के लिए यूनिक फार्मर आईडी बनाए जाने का कार्य 11 अप्रैल से प्रारंभ हो गया है। यह पहल आधार कार्ड की तर्ज पर की जा रही है, जिसका उद्देश्य किसानों को एक विशिष्ट डिजिटल पहचान प्रदान करना और विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ उन तक सरलता से पहुंचाना है।अभी तक कुल 21 किसानों का सफलतापूर्वक पंजीकरण किया गया है। प्रखंड कृषि पदाधिकारी (प्रशिक्षु) अनीशा कुमारी ने बताया यूनिक फार्मर आईडी के माध्यम से किसानों का पूरा प्रोफाइल एक क्लिक पर उपलब्ध हो जाएगा। इससे उन्हें सस्ती दरों पर ऋण, कृषि इनपुट, तकनीकी सलाह और विपणन की सुविधा भी आसानी से मिलेगी। उन्होंने यह भी बताया कि चालू वित्तीय वर्ष से कृषि विभाग की सभी योजनाओं का लाभ लेने के लिए फार्मर आईडी अनिवार्य कर दिया गया है।

बाहुबली राजद विधायक रीतलाल पर कसा शिकंजा

PATNA : दानापुर से राजद के बाहुबली विधायक रीतलाल यादव पर पटना पुलिस ने शिकंजा कसने की तैयारी कर ली है। पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अवकाश कुमार ने स्पष्ट रूप से कहा है कि अपराधों में संलिप्त प्रभावशाली व्यक्तियों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। जरूरत पड़ी तो रीतलाल यादव की गिरफ्तारी की जाएगी। यदि वे फरार रहते हैं, तो न्यायालय से वारंट प्राप्त कर नोटिस जारी किया जाएगा और संपत्ति की कुर्की की जाएगी। अवकाश कुमार ने बताया कि बिल्डर द्वारा दिए गए आवेदन के साथ एक ऑडियो पेन ड्राइव भी मिली है, जिसमें रंगदारी और धमकी का उल्लेख है। ऑडियो की आवाज का मिलान फॉरेंसिक जांच से कराया जा रहा है।

विधानसभा चुनाव से पहले जनता दल (यूनाइटेड) कार्यालय में अब बदल गया पोस्टर, लिखा-

2025 से 30, फिर से नीतीश, सुशासन को बताया जीत का मंत्र

AGENCY PATNA : पटना में विधानसभा चुनाव से पहले जेडीयू ऑफिस में पोस्टर को बदला गया है। चुनाव को लेकर पार्टी कार्यालय को नए अंदाज में सजाया गया है। पुराने पोस्टरों को हटाकर सीएम नीतीश कुमार की तस्वीर के साथ अब नई टैगलाइन और स्लोगन वाले पोस्टर लगाए गए हैं। इसके माध्यम से सरकार की योजनाओं, उपलब्धियों और नीतीश कुमार की छवि को जनता के सामने लाने की कोशिश की गई है। एक पोस्टर पर लिखा गया है, '2025 से 2030 फिर से नीतीश कुमार'



जो स्पष्ट रूप से मुख्यमंत्री के कार्यकाल को आगे बढ़ाने की मंशा को दशार्ता है। साथ ही इन पोस्टरों के जरिए जदयू ने यह संकेत भी दे दिया है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ही पार्टी का चेहरा बने रहेंगे।

सुशासन की रफ्तार, बिहार में बहार : अन्य पोस्टरों में रोजगार, महिला सशक्तिकरण और सुशासन की उपलब्धियों को दिखाया गया है। जिस पर लिखा है, 'रोजगार मतलब नीतीश सरकार।' बहन बेटियों के सपने साकार, धन्यवाद नीतीश सरकार और 'सुशासन की रफ्तार, बिहार में बहार' जैसे नारे लिखे गए हैं।

पिताजी ही होंगे बिहार के अगले सीएम : निशांत

वहीं, मंगलवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार ने कहा था, 'उनके पिता पूरी तरह से स्वस्थ हैं। उनकी सेहत को लेकर किसी भी तरह की अफवाह निराधार है। वे पहले की तरह सक्रिय हैं। उन्होंने यह भी साफ कर दिया कि नीतीश कुमार ही बिहार के मुख्यमंत्री बने रहेंगे।' दरअसल, नीतीश कुमार की तबीयत को लेकर कई तरह की चर्चाएं हो रही थीं, जिनका निशांत ने खंडन किया है।

2010 की तरह समर्थन करने की जनता से अपील

निशांत ने जनता से अपील की कि वे एनडीए की सरकार बनाएं। 2010 की तरह इस बार भी भरपूर समर्थन दें। उन्होंने यह भी दोहराया कि नीतीश कुमार ही मुख्यमंत्री बने रहेंगे। इसकी पुष्टि भाजपा नेता अमित शाह और सम्राट चौधरी ने भी की है। हालांकि, जब निशांत से खुद के राजनीति में आने के सवाल पर पूछा गया तो उन्होंने इस पर कोई जवाब नहीं दिया।

सर्किल अधिकारी प्रिंस राज के दो ठिकानों पर एसवीयू की रेड

करोड़ों की अचल संपत्ति, संदिग्ध जमीन सौदों से जुड़े दस्तावेज भारी नकद व कई शेल कंपनियों से जुड़ी जानकारी लगी हाथ

AGENCY PATNA : विशेष निगरानी इकाई (एसवीयू) ने सर्किल अधिकारी (सीओ) प्रिंस राज के दो ठिकानों पर आज सुबह छापेमारी की है। यह कार्रवाई आय से अधिक संपत्ति के मामले में की गई है। छापेमारी शेखपुरा और मधुबनी स्थित उनके ठिकानों पर एक साथ की गई, जिससे इलाके में हलचल मच गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सीओ प्रिंस राज पर उनके ज्ञात स्त्रोतों से कहीं अधिक संपत्ति रखने का आरोप है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि उनके पास आय से लगभग 90 प्रतिशत अधिक संपत्ति पाई गई है। इस बात को ध्यान में रखते हुए एसवीयू ने उनके ठिकानों पर एक संगठित तरीके से छापेमारी की।

छापेमारी की इस कार्रवाई में एसवीयू की एक विशेष टीम शामिल है, जिसका नेतृत्व डीएसपी स्तर के अधिकारी कर रहे हैं। टीम ने दोनों ठिकानों पर

सर्किल अधिकारी प्रिंस राज के ठिकानों पर छापेमारी करती एसवीयू की टीम

- शेखपुरा और मधुबनी स्थित उनके ठिकानों पर एक साथ की गई छापेमारी
- सीओ पर उनके ज्ञात स्त्रोतों से कहीं अधिक संपत्ति रखने का है आरोप

दस्तावेजों की जांच, नकदी और अन्य कीमती सामान की गिनती शुरू कर दी है। संभावना है कि कई महत्वपूर्ण दस्तावेज और प्रमाण बरामद किए जा सकते हैं, जो इस मामले की गहराई को उजागर कर सकते हैं।

अभी तक एसवीयू की ओर से कोई आधिकारिक प्रेस रिलीज नहीं आई है, लेकिन सूत्रों की मानें तो छापेमारी के दौरान टीम को करोड़ों रुपये की अचल संपत्ति, संदिग्ध जमीन सौदों से जुड़े दस्तावेज, भारी नकदी और कई शेल कंपनियों से जुड़ी जानकारी हाथ लगी है। इसके अलावा कुछ डिजिटल डिवाइस भी जब्त किए गए हैं जिनका विश्लेषण विशेषज्ञों द्वारा किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि सीओ प्रिंस राज को हाल ही में सरकार ने निलंबित कर दिया था। हालांकि उस समय निलंबन के पीछे स्पष्ट कारण सार्वजनिक नहीं किया गया था, लेकिन अब यह छापेमारी यह संकेत दे रही है कि भ्रष्टाचार से जुड़े गंभीर आरोप पहले से ही उनके खिलाफ जांच एजेंसियों के पास थे।

निर्वाचन आयोग ने शुरू की बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारियां, बीएलए को दिया जा रहा प्रशिक्षण

AGENCY PATNA : भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने बिहार विधानसभा के आगामी चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी हैं। आयोग ने इसके मद्देनजर बिहार के बूथ लेवल एजेंटों (बीएलए) का प्रशिक्षण शुरू कर दिया है। भारत अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र एवं चुनाव प्रबंधन संस्थान (आईआईआईडीईएम) नई दिल्ली में आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में बिहार के मान्यता प्राप्त 10 राजनीतिक दलों से जुड़े लगभग 280 बीएलए हिस्सा ले रहे हैं।

प्रशिक्षण के दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार व अन्य

प्रशिक्षण के दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के साथ चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी ने बीएलए को संबोधित किया। बीएलए को उनकी नियुक्ति, भूमिका और जिम्मेदारियों के बारे में जानकारी दी गई। बीएलए को मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त किया जाता है और वे जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 के प्रावधानों के अनुसार त्रुटि-रहित मतदाता सूची सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

विपक्षी दलों का महागठबंधन स्वार्थ पर आधारित : श्रवण कुमार

PATNA : मंत्री श्रवण कुमार ने विपक्षी दलों के महागठबंधन को निहित स्वार्थों पर आधारित बताया है। उन्होंने कहा कि इस गठबंधन की वास्तविकता दिल्ली चुनाव में उजागर हो चुकी है, जहां कांग्रेस और आम आदमी पार्टी एक-दूसरे के विरोध में खड़ी दिखीं। वह बुधवार को पार्टी कार्यालय में जनसुनवाई कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बात कर रहे थे। श्रवण कुमार ने कहा कि प्रदेश की प्रगति में रुचि रखने वाले तथा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सुशासन के प्रति आस्था रखने वाले सभी लोगों का एनडीए में स्वागत है।

प्रकृति ने फिर दिखाया रौद्र रूप, लाखों की फसलें नष्ट

AGENCY NALANDA : पिछले सात दिनों से नालंदा जिले में तेज आंधी ने क्षेत्र के किसानों की कमर तोड़ दी है। मौसम की बेरुखी से प्याज, मक्का और गेहूं की फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है, जिससे किसानों की मेहनत और पूंजी दोनों पर पानी फिर गया है। सब्जी उत्पादकों की हालत भी खराब हो गई है। लगातार आंधी-पानी से बिगड़ा हाल शनिवार की रात आई तेज आंधी और बारिश से किसान अभी उबरे भी नहीं थे कि सोमवार की दोपहर और मंगलवार की रात एक बार फिर मौसम ने विकराल रूप धारण कर लिया दोपहर करीब 3 बजकर 10 मिनट पर आसमान में बादल छा गए और कुछ ही देर में अंधेरा घिर गया। तेज हवाओं के साथ धूल भरी आंधी चली और फिर मूसलधार बारिश शुरू हो गई, जो शाम 5 बजे तक रुक-रुककर होती रही। इस दौरान खेतों में खड़ी फसलें या तो गिर गईं या पानी में डूब गईं। प्याज की तैयार फसल जलभराव में बर्बाद नगरनौसा प्रखंड में इस वर्ष रबी मौसम में लगभग 125 से 150 हेक्टेयर में प्याज की खेती की गई थी। फसल पूरी तरह से पक चुकी थी और कई किसान इसकी कटाई में जुटे थे। लेकिन लगातार बारिश के कारण खेतों में जल जमाव हो गया और तैयार प्याज की फसल सड़ने लगी। मोनियमपुर गांव के किसान बाल्मिकी प्रसाद ने बताया कि, बार-बार आ रही आंधी और पानी से खेतों में तैयार प्याज सड़ गया है। अब इसे उचित दाम पर बेचना असंभव है। भीगे प्याज का भंडारण नहीं किया जा सकता, क्योंकि वह जल्दी खराब हो जाएगा। मक्का की फसल धराशायी, नुकसान अपार प्रेमन बिगहा गांव के किसान राजेश कुमार ने बताया कि तेज हवाओं और बारिश की वजह से अधिकतर खेतों में मक्के की फसल गिर चुकी है।फसल पर दाने भी आ चुके थे, लेकिन अब गिर चुकी फसल को बचा पाना संभव नहीं। कुछ किसान इसे पशुओं के चारे के रूप में उपयोग करने की सोच रहे हैं। हालांकि जिन खेतों में पौधे अभी छोटे थे, उन्हें अपेक्षाकृत कम नुकसान हुआ है। सब्जी उत्पादक भी परेशान, रोगों का खतरानगरनौसा प्रखंड फल और सब्जी उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है, लेकिन हालिया खराब मौसम ने सब्जी उत्पादकों को भी नहीं बख्शा।

कांग्रेस ने की जेपी गंगा पथ पर दरारों व पुलों के ढहने की न्यायिक जांच की मांग

PATNA @ PTI : बिहार में विपक्षी दल कांग्रेस ने पटना के जेपी गंगा पथ के नये खंड में कथित रूप से आई दरारों और कई पुलों के ढहने की घटनाओं की न्यायिक जांच किए जाने की मंगलवार को मांग की। पार्टी ने कहा कि मामले की जांच पटना उच्च न्यायालय के किसी मौजूदा न्यायाशीध से कराई जानी चाहिए।

कांग्रेस विधायक दल के नेता शकील अहमद खान ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, बिहार में पुल नहीं बन रहे हैं, बल्कि भ्रष्टाचार की नींव रखी जा रही है। राज्य के विभिन्न जिलों में 2024 में छोटे-बड़े एक दर्जन पुल ढहने की घटनाएं हुईं।

खान ने कहा, राज्य सरकार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा उद्घाटन किए जाने के कुछ दिनों बाद पटना के जेपी गंगा पथ के एक हिस्से में आई दरारों तथा अन्य पुलों के निर्माण के संबंध में पटना उच्च न्यायालय के वर्तमान न्यायाधीश द्वारा न्यायिक जांच का आदेश देना चाहिए।

कार्यशाला में बोले पीएचईडी के मुख्य सचिव- नल जल योजना सिर्फ स्कीम नहीं, राष्ट्रीय संकल्प

AGENCY PATNA : राज्य में गहराते पेयजल संकट और हर घर नल का जल योजना को जमीन पर प्रभावी तरीके से लागू करने के लिए सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में लोक स्वास्थ्य अभियंत्रन विभाग, मनरेगा और दूसरे संबंधित विभाग के सीनियर अधिकारी और गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यशाला को संबोधित करते हुए पंकज कुमार ने कहा- देश में पेयजल संकट सबसे बड़ी चुनौती है।

पंकज कुमार ने कहा कि नल जल योजना से राज्य के हर नागरिक को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा- यह सिर्फ एक योजना नहीं है। बल्कि हर

नागरिक को स्वच्छ और सुरक्षित जल उपलब्ध कराने का राष्ट्रीय संकल्प है। पंकज कुमार ने कहा- इसके लिए पीएचईडी, मनरेगा और अन्य विभागों को मिलकर कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि नल जल योजना सिर्फ योजना नहीं यह राष्ट्रीय संकल्प है।

आगा की ओर से आयोजित कार्यशाला में भू-जल स्तर में लगातार गिरावट को लेकर चर्चा हुई। गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधियों ने कहा- देश के कई हिस्सों में भूजल पर ज्यादा निर्भरता की वजह से जलस्तर तेजी से गिरा है। उन्होंने वर्षा जल संचयन, भूजल रिचार्ज, जल संरक्षण उपायों को ग्रामीण योजनाओं से जोड़ना जैसे कुछ समाधान बताए। जबकि मुख्य सचिव पंकज कुमार ने सुझाव दिया कि मनरेगा के तहत तालाब, चेक डैम और जल संरचनाओं के निर्माण की गति बढ़ाई जाए।

सीएम हाउस में बीजेपी के वरिष्ठ नेताओं ने देखी डॉक्यूमेंट्री, लालू शासन काल व एनडीए की वर्तमान सरकार की हुई तुलना

नेशनल हेराल्ड मामले पर सम्राट चौधरी ने गांधी परिवार को घेरा

AGENCY PATNA : उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सहित बीजेपी के कई बड़े नेता बुधवार को सीएम हाउस पहुंचे। यहां एक बैठक हुई। बैठक में एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई गई, जिसमें 2005 से पहले बिहार में लालू प्रसाद यादव के शासन काल की स्थिति और वर्तमान एनडीए सरकार के कार्यकाल की तुलना की गई।

फिल्म के जरिए राज्य की कानून-व्यवस्था, विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं को दशार्या गया, ताकि आने वाले विधानसभा चुनावों के लिए एक मजबूत नैरेटिव तैयार किया जा सके। इस बैठक में केंद्रीय गृह

राज्य मंत्री नित्यानंद राय, मंत्री प्रेम कुमार और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दिलीप जायसवाल भी शामिल हुए। जानकारी के मुताबिक, बैठक के दौरान वीआईपी पार्टी प्रमुख मुकेश सहनी को लेकर भी चर्चा हुई है। विधानसभा चुनाव से पहले एनडीए में उनकी वापसी को लेकर गहन विचार-विमर्श चल रहा है। सहनी, जो पहले एनडीए का हिस्सा रह चुके हैं, हाल के दिनों में फिर से सत्तारूढ़ गठबंधन के संपर्क में बताए जा रहे हैं।

इसके पहले उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पीसी की थी। इसमें नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर गांधी फैमिली पर जमकर बरसे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और कांग्रेस पार्टी की राज माता सोनिया गांधी ने भारत को लूटा है।

कांग्रेस पार्टी ने मनमोहन सिंह और अपने चेहरे पर कालिख पोती है। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने ही ईडी का गठन किया था। कांग्रेस ने लोकतंत्र का मजाक बनाया है।

कांग्रेस के युवराज राहुल गांधी ने कैसे इस लोकतंत्र को मजाक बनाया, ये सब जानते हैं। उन पर सबसे गंभीर आरोप है कि स्वतंत्रता सेनानियों की चीजों को लूटा गया है। चार्जशीट में सोनिया गांधी राहुल गांधी का भी नाम है। नेशनल हेराल्ड का मामला पूरे देश को जानना चाहिए। पटना ईडी ऑफिस में कांग्रेस पार्टी ने जो किया, वहां भी कालिख पोती।

पुरानी रंजिश को ले गोलीबारी, 20 खोखा के साथ 2 आरोपी गिरफ्तार

AGENCY NAVADA : नवादा जिले के काशीचक थाना क्षेत्र के लीला बिहार गांव में बुधवार को दो पक्षों के बीच हुई गोलीबारी की घटना में पुलिस ने दो अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने घटनास्थल से कारतूस के 20 खोखे भी बरामद किए। काशीचक के थाना अध्यक्ष बसंत कुमार ने बताया कि सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था। वायरल वीडियो में कई लोग हथियार लहराते और फायरिंग करते हुए नजर आ रहे थे। यह वीडियो नवादा जिले के काशीचक थाना क्षेत्र भवानीपुर और लीला बीघा गांव का बताया जा रहा है। वायरल वीडियो में खुलेआम हथियार लहराकर कई राउंड फायरिंग करते लोग नजर आ रहे हैं।एसपी अभिनव ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए विशेष टीम का गठन किया, जिसके बाद इलाके में व्यापक छापेमारी अभियान चलाया गया। फायरिंग के संबंध में बताया जा रहा है कि यह मामला दो पक्षों के आपसी जमीन विवाद से जुड़ा हुआ है। इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो लोगों को 20 गोली और खोखे के साथ गिरफ्तार किया है।

पुणे के व्यवसायी के अपहरण, हत्या मामले में महिला समेत सात लोग गिरफ्तार

PATNA @ PTI : बिहार पुलिस ने पुणे के एक व्यवसायी के अपहरण और हत्या के सिलसिले में एक महिला सहित सात लोगों को गिरफ्तार किया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। लक्ष्मण साधु शिंदे का शव मंगलवार को बिहार के जहानाबाद जिले में मिला था। वह 11 अप्रैल को पटना हवाई अड्डे पर उतरे थे। अधिकारी ने बताया कि अपहरण और हत्या को अंजाम देने वाले गिरोह के सरगना को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि चार अन्य को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। गिरफ्तार लोगों की पहचान रंजीत पटेल उर्फ मुन्ना, विपतरा कुमार, लालबिहारी, विकास उर्फ मोहित, कुंदन कुमार, संगीता कुमारी और सचिन रंजन के रूप में हुई है।

सरदार पटेल को लेकर जो कहा गया, उससे अलग है सच

अहमदाबाद में कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर कांग्रेस द्वारा किए जानेवाले कार्यक्रमों के बारे में बताते हुए जिस बात पर जोर दिया, वह था कि सरदार पटेल और नेहरूजी के बीच गहरे और मधुर संबंध थे, किंतु इतिहास तो कुछ और ही कह रहा है। अब कांग्रेस इस बात को कितना छिपाएगी कि जवाहरलाल नेहरू ने अपने समय में सरदार वल्लभ भाई पटेल जैसे श्रेष्ठ नेताओं के साथ कैसा व्यवहार किया है। आज कांग्रेस सरदार पटेल को लेकर कितना ही झूठा नैरेटिव गढ़ने का प्रयास करे, लेकिन इससे सच नहीं बदलने वाला है। इतिहास काल का वह पन्ना है, जिसमें एक बार जो कहानी लिख जाती है, वह फिर मिटाए नहीं मिटती, क्योंकि यह इतिहास फिर कभी अपनी वैसी ही पुनरावृत्ति नहीं करता, जैसा कि तत्कालीन समय में घटता है। कांग्रेस ने वास्तव में जो सरदार पटेल के साथ किया, उसे कभी माफ नहीं किया जा सकेगा। सरदार पटेल की जब मृत्यु हुई, तब तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की एक घोषणा सामने आई और इस घोषणा के तुरंत बाद एक आदेश भी आया। उस आदेश में दो बातों का प्रमुखता से जिक्र था, पहला- सरदार पटेल को दी गई सरकारी कार उसी वक्त वापस ले ली जाए और दूसरा- गृह मंत्रालय के वे सचिव-अधिकारी जो सरदार-पटेल के अंतिम संस्कार में बंबई जाना चाहते हैं, वे अपने खर्चे पर जाएं। सरदार पटेल के प्रति नेहरू के अंदर का विद्वेष इतना करके भी रुक जाता, तब भी बहुत होता, किंतु वह कहां माननेवाले थे। उसके बाद नेहरू ने अपने मंत्रिमंडल की तरफ से तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद को कहलवाया कि वे सरदार पटेल के अंतिम संस्कार में भाग लेने के लिए नहीं जाएं, पर जब नेहरू को पता चला कि वे अंतिम संस्कार में जा रहे हैं,ज्ञतो तुरंत उन्होंने वहां सी. राजगोपालाचारी को भेजा और जो सरकारी श्रद्धांजलि (स्मारक) पत्र राष्ट्रपति के नाते डॉ. राजेंद्र प्रसाद द्वारा पढ़ा जाना था, वह उनसे न पढ़वाते हुए उसे सी. राजगोपालाचारी को सौंप दिया गया। इतना होने के बाद भी जवाहरलाल नेहरू के अंदर सरदार पटेल को लेकर जो गुस्सा भरा था, वह कम होने का नाम नहीं ले रहा था। यदि यह सच नहीं है, तो फिर क्यों बार-बार कांग्रेस के अंदर से पटेल का स्मारक बनाने की मांग उठ रही थी और कहा जा रहा था कि इतने बड़े नेता की याद में सरकार को कुछ करना चाहिए, पर नेहरू लगातार विरोध करते रहे, फिर जब नेहरू ने देखा कि पार्टी में उनके प्रति मनमुटाव पैदा हो रहा है, तब जाकर उन्होंने इस बारे में सोचे जाने और कुछ करने की हामी भरी थी। कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव में नेहरू के खिलाफ सरदार पटेल के नाम को रखने वाले वरिष्ठ कांग्रेसी पुरुषोत्तमदास टंडन को पार्टी से बाहर कर देने का उनका फरमान भी पटेल के प्रति नेहरू की अंदरूनी नफरत को प्रदर्शित करता है, जबकि होना ये चाहिए था कि समर्पण दोनों तरफ का होता, देश की स्वाधीनता में जो सरदार पटेल का योगदान रहा, वह अद्वितीय है, जो सरदार देश के प्रधानमंत्री बनने जा रहे थे, उन्होंने महात्मा गांधी के कहने पर गृहमंत्री बनना स्वीकार किया। फिर भी हो क्या रहा था ये समर्पण एकतरफा दिखाई दे रहा था। नेहरू का रुख सरदार के प्रति उनके अंतिम समय तक नहीं बदला। दूसरी ओर सरदार वल्लभ भाई पटेल महात्मा गांधी से वचनबद्ध थे, वह पहले ही उनके सामने ये हामी भर चुके थे कि वे जवाहरलाल नेहरू को अकेला नहीं छोड़ेंगे, जब तक उनकी सासें चल रही हैं, उनका नेहरू के प्रति एकतरफा समर्पण रहेगा। जो उन्होंने महात्मा गांधी से कहा, उसे अपनी अंतिम सांस तक पूरी शिद्दत के साथ निभाया भी। किंतु, दूसरी तरफ जवाहरलाल थे, जिन्होंने सरदार पटेल को लेकर अपनी अंदर एक नकारात्मक ग्रंथी एक बार पाल ली तो वे कभी उससे बाहर ही नहीं निकले। विजन बुक्स द्वारा प्रकाशित पुस्तक इनसाइड स्टोरी ऑफ सरदार पटेल स्टोरी : द डायरी ऑफ मणिबेन पटेल 1936-50, जो सरदार पटेल की बेटी द्वारा अब तक अज्ञात डायरी का पहला प्रकाशन है, बहुत कुछ कह देती है। वस्तुतः मणिबेन आमतौर पर पटेल के साथ हर जगह जाती थीं और सरदार की ज्यादातर बैठकों में उनके साथ मौजूद रहती थीं। इसलिए वह इन बैठकों में होने वाली घटनाओं और सरदार के विचारों और विभिन्न ऐतिहासिक और संवेदनशील मुद्दों पर उनके अंतरतम विचारों से अवगत थीं, जिन्हें वह अक्सर अपने सबसे करीबी दोस्तों और सहकर्मियों के सामने भी व्यक्त नहीं कर पाते थे। इसके अलावा गांधीजी की देखभाल में कई साल बिताने और उच्च बुद्धि रखने के कारण मणिबेन उस समय की घटनाओं और नाटकीय पात्रों के संदर्भ और महत्व दोनों को समझती थीं। यह डायरी 8 जून 1936 से लेकर 15 दिसंबर 1950 को सरदार की मृत्यु तक की है। इसमें 1945 में पटेल की जेल से रिहाई के बाद का विस्तृत विवरण है। इसमें भारत के इतिहास के उस निर्णायक काल के बारे में अक्सर खुलासा करने वाले, कभी-कभी विस्फोटक विवरण और अंतर्दृष्टि का खजाना है, जिसमें देश की स्वतंत्रता, विभाजन, रियासतों का एकीकरण, गांधीजी की हत्या और फिर भारत के स्वशासन के प्रारंभिक, महत्वपूर्ण वर्ष शामिल हैं, जिनमें पटेल की एक अपरिहार्य महत्वपूर्ण भूमिका थी। अपनी इस डायरी में मणिबेन लिखती हैं, पटेल-नेहरू के मतभेदों में कई लोगों ने भूमिका निभाई थी, विशेष रूप से रफी अहमद किदवई, समाजवादियों और मौलाना आजाद ने भी। डायरी सरदार को मंत्रिमंडल से बाहर करने के लिए उनकी चालों का खुलासा करती है। मणिबेन ने लिखा है- सरदार पटेल नेहरू-लियाकत अली समझौते से खुश नहीं थे, क्योंकि इसने पूर्वी पाकिस्तान से हिंदुओं के पलायन को नहीं रोका जो बढ़ता ही गया और बड़ी संख्या में हिंदू भारत में पलायन करते रहे। सरदार पटेल ने देखा कि वे हत्याओं के बारे में इतने चिंतित नहीं थे, आखिरकार बंगाल के अकाल में 30 लाख लोग मारे गए थे, लेकिन वे महिलाओं पर हमले और उन्हें जबरन इस्लाम में धर्मांतरित किए जाने को बर्दाश्त नहीं कर सकते थे।

सच का सामना करने को तैयार नहीं कांग्रेस

ANALYSIS

मनोज कुमार मिश्र

चुनाव हारने के बाद हर बार कांग्रेस और विपक्ष के नेता ईवीएम पर सवाल उठाते आए हैं। वे शायद भूल गए हैं कि लोकतंत्र को कुचलने के लिए आजादी के बाद एक ही बार आपातकाल लगा, वह भी कांग्रेस की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के शासन में। इसी तरह वक्फ संशोधन विधेयक पर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सरकार पर कथित रूप से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आएसएस) के नियंत्रण के खिलाफ आंदोलन चलाने की बात कही। वे यह अफसोस जता रहे थे कि कांग्रेस ब्राह्मण, दलित और मुस्लिम वोट को साथ रखने के प्रयास में अन्य पिछड़ी जातियों (ओबीसी) से दूरी बना ली और जातिगत गणना करवाने के लिए आंदोलन तेज करने के दावे किए। दो दिनों के अधिवेशन में अनेक भाषण हुए और प्रस्ताव पास हुए, लेकिन पूरी बैठक में पार्टी भ्रम में जीती दिखी। पार्टी अध्यक्ष ने कहा कि जो सक्रिय नहीं रह सकता, वह पार्टी छोड़ दे। इस अधिवेशन में न तो इस पर ठीक से चर्चा हुई कि आखिर ऐसा क्यों होता है कि जिन बड़े राज्यों तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, गुजरात इत्यादि से कांग्रेस एक बार पराजित हुई, तो वहां सालों-साल उसकी वापसी नहीं हो पाई। राष्ट्रीय स्तर पर भी वह लगातार तीन बार से सत्ता से बाहर है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जितनी आलोचना वे करते हैं, पार्टी की राजनीतिक जमीन उतनी ही खिसकती जा रही है।

लगातार सिमटती जा रही कांग्रेस अभी भी सच का सामना करने को तैयार नहीं है। पिछले दिनों गुजरात में अहमदाबाद के साबरमती तट पर अपने दो दिवसीय अधिवेशन में कांग्रेस खोई जमीन पाने का सही रास्ता नहीं ढूंढ़ पाई। सालों बाद नेहरू-गांधी परिवार से बाहर के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे कांग्रेस अध्यक्ष बने हैं। उनका कहना था कि कांग्रेस कार्यकर्ता लोकतंत्र के लिए आजादी की दूसरी लड़ाई में पूरी ताकत से जुटें। उन्होंने ईवीएम को धोखाधड़ी बताते हुए फिर से बैलट पेपर से चुनाव कराए जाने की मांग की। चुनाव हारने के बाद हर बार कांग्रेस और विपक्ष के नेता ईवीएम पर सवाल उठाते आए हैं। वे शायद भूल गए हैं कि लोकतंत्र को कुचलने के लिए आजादी के बाद एक ही बार आपातकाल लगा, वह भी कांग्रेस की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के शासन में। इसी तरह वक्फ संशोधन विधेयक पर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सरकार पर कथित रूप से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आएसएस) के नियंत्रण के खिलाफ आंदोलन चलाने की बात कही। वे यह अफसोस जता रहे थे कि कांग्रेस ब्राह्मण, दलित और मुस्लिम वोट को साथ रखने के प्रयास में अन्य पिछड़ी जातियों (ओबीसी) से दूरी बना ली और जातिगत गणना करवाने के लिए आंदोलन तेज करने के दावे किए। दो दिनों के अधिवेशन में अनेक भाषण हुए और प्रस्ताव पास हुए, लेकिन पूरी बैठक में पार्टी भ्रम में जीती दिखी। पार्टी अध्यक्ष ने कहा कि जो सक्रिय नहीं रह सकता, वह पार्टी छोड़ दे। इस अधिवेशन में न तो इस पर ठीक से चर्चा हुई कि आखिर ऐसा क्यों होता है कि जिन बड़े राज्यों तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, गुजरात इत्यादि से कांग्रेस एक बार पराजित हुई, तो वहां सालों-साल उसकी वापसी नहीं हो पाई। राष्ट्रीय स्तर पर भी वह लगातार तीन बार से सत्ता से बाहर है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जितनी आलोचना वे करते हैं, पार्टी की राजनीतिक जमीन उतनी ही खिसकती जा रही है। कांग्रेस को आजादी के 77 साल बाद देश के पहले उप प्रधानमंत्री, लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की याद आई। बावजूद इसके, जिस राज्य में कांग्रेस का अधिवेशन हुआ, उसी राज्य के केवड़िया में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर बनी दुनिया की सबसे ऊंची सरदार पटेल की प्रतिमा को नमन करने कोई कांग्रेस नेता आज तक नहीं गया। अंग्रेजों ने 1947 में देश को आजाद करने के साथ-साथ पांच सौ से अधिक रियासतों को भारत या पाकिस्तान में विलय करने की स्वतंत्रता देकर नई मुसीबत खड़ी कर दी थी। सरदार पटेल के प्रयास से उन रियासतों का भारत में विलय हुआ। सरदार पटेल आजादी के बाद कम समय जीवित रह पाए, लेकिन उनकी कीर्ति का देश हजारों साल कर्जदार रहेगा। महात्मा गांधी से सलाह करके ही सरदार पटेल ने ऐतिहासिक सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण कराया। इस मंदिर के प्रण-प्रतिष्ठा समारोह में देश के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद शामिल हुए। इसकी चर्चा करने से कांग्रेस के नेता बचते हैं। यह सर्वविदित है कि अयोध्या में भगवान राम की जन्मभूमि पर मंदिर बनाने का निर्णायक आंदोलन आरएसएस के संरक्षण में विश्व हिंदू परिषद आदि ने चलाया और अदालत के फैसले के बाद भव्य मंदिर का निर्माण लगभग अंतिम चरण में है। 22 जनवरी 2024 को हुए प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में कांग्रेस का कोई बड़ा नेता शामिल नहीं हुआ, जबकि मंदिर का ताला केंद्र में राजीव गांधी के प्रधानमंत्री रहने के दौरान खुला था। प्राण प्रतिष्ठा समारोह में देश-दुनिया के लोग बड़ी तादाद में आए। इसी तरह प्रयागराज के महाकुंभ में लोगों के आने का नया रिकॉर्ड बना, लेकिन कांग्रेस का कोई चर्चित चेहरा उसमें नहीं दिखा। सबसे अजूबा यह है कि जिस कांग्रेस का पूरा ही नेतृत्व राष्ट्रवादी धारा के खिलाफ हर तरह का आचरण कर रहा है, वह पूरी तरह से राष्ट्रवादी विचार पर चले आजादी के आंदोलन जैसा आंदोलन चलाने की बात कह रही है। यह साबित हो गया है कि वक्फ संशोधन कानून का विरोध केवल पैसे वाले, प्रभावशाली या आम भाषा में कहें तो माफिया कर रहे हैं, उसी को आधार बना कर कांग्रेस आंदोलन चलाना चाहती है। इस समय राहुल गांधी, उनकी बहन प्रियंका गांधी और मां सोनिया गांधी, तीनों संसद के सदस्य हैं। संसद के दोनों सदनों में इस विधेयक पर हुई चर्चा में इनमें से कोई शामिल नहीं हुआ। यह सही है कि कभी कांग्रेस को ब्राह्मण, दलित और अल्पसंख्यकों का सर्वाधिक समर्थन मिलता रहा। कांग्रेस सौ साल से अधिक पुरानी पार्टी है और देश और अधिकतर राज्यों में सबसे ज्यादा समय तक कांग्रेस का ही राज रहा। सालों कांग्रेस देश की अकेली पार्टी थी, जिसका झंडा, चुनाव चिह्न और नेता गांव-गांव के लिए परिचित था। तब भी देश की आधे से ज्यादा आबादी ओबीसी की ही थी, यह आज भी है। देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का कार्यकाल इस तरह के जातीय समीकरण से परे माना गया था। इंदिरा गांधी ने कांग्रेस का विभाजन कराया और सत्ता में रहकर बांग्लादेश को आजाद कराया। गरीबी हटाओ नारा भले ज्यादा कारगर न हुआ, लेकिन बैंकों का राष्ट्रीयकरण, प्रिवी पर्स की समाप्ति बड़े मुद्दे बने। यह अजब संयोग है कि जिस पार्टी में यह नारा लगता था- जात पर न पात पर इंदिरा जी की बात पर- उसी पार्टी के नेता जाति जनगणना करवाने के लिए हर सीमा पार किए हुए हैं। यह भी अजीब संयोग है कि जिन राज्यों- कर्नाटक, तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की सरकार है, वे ही जातिगत जनगणना नहीं करवा पाई। दूसरे, वे सरकारें कब तक हैं या दोबारा इनमें से किसमें फिर से कांग्रेस की सरकार बनेगी, कहा नहीं जा सकता। आज की भाजपा पहले वाली जनसंघ नहीं है। 11 साल से प्रधानमंत्री पद पर कायम नेता नरेंद्र मोदी ओबीसी बिरादरी से आते हैं। केंद्रीय मंत्रिपरिषद से लेकर भाजपा की राज्य सरकारों में बड़ी तादाद में पिछड़ी कही जाने वाली जातियों के मंत्री हैं। इतना ही नहीं, यह तीन बार लोकसभा चुनाव और अनेक राज्यों के चुनाव में साबित हो चुका है कि बड़ी तादाद में ओबीसी वोट भाजपा को मिलता है। दलित वोट भी हर राज्य में भाजपा को ही सर्वाधिक मिलता रहा है, केवल 2024 के लोकसभा चुनाव में विपक्ष के भाजपा के चार सौ सीटें आने पर आरक्षण खत्म करने के बेबुनियाद प्रचार ने भाजपा को नुकसान जरूर पहुंचाया। तब भी भाजपा की अगुवाई में लगातार तीसरी बार केंद्र में सरकार बनी। यह समझ से परे है कि सुप्रीम कोर्ट ने पचास फीसदी से ज्यादा आरक्षण की सीमा बढ़ाने से इनकार कर दिया है, ऐसे में जाति जनगणना करा कर कांग्रेस पार्टी क्या करेगी। क्या केवल जनगणना कराने से पिछड़ों का वोट मिल जाएगा। देश की आबादी में 56 फीसदी आबादी युवाओं की है। कांग्रेस में इस पर बहस नहीं चल रही है कि वह कितने युवाओं को जोड़ पाई है। जो माहौल दिख रहा है, उसमें नरेंद्र मोदी के रहते भाजपा समर्थक मतों में सेंध लगाना किसी के वश में नहीं है। अगर ऐसा होता तो 2024 के लोकसभा चुनाव में पिछली बार से कम सीटें पाने बावजूद भाजपा हरियाणा, महाराष्ट्र और दिल्ली विधानसभा का चुनाव भाजपा नहीं जीत पाती। अधिवेशन में कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने कहा कि जो मेहनत नहीं करना चाहते हैं, उनके लिए पार्टी में जगह नहीं है।

मुर्शिदाबाद में पलायन को मजबूर कानून का शासन

मुर्शिदाबाद में नए वक्फ कानून का संवैधानिक तरीके से विरोध का बहाना करते हुए हिंदुओं को चुन-चुनकर निशाना बनाने वाली हिंसक भीड़ के उत्पात को लेकर सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की गई है। इसमें हिंसा की जांच के लिए विशेष जांच दल का गठन करने और ममता सरकार की जवाबदेही तय करने की मांग की गई है। सुप्रीम कोर्ट क्या करेगा, पता नहीं, लेकिन यह पता है कि जब मई 2021 में बंगाल में विधानसभा चुनाव बाद भीषण हिंसा की जांच के लिए ऐसी ही एक याचिका दायर की गई थी तो उसकी तत्काल सुनवाई नहीं हो पाई थी, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट की जिस दो सदस्यीय पीठ को इस याचिका की सुनवाई करनी थी, उसकी एक जज इंदिरा बनर्जी मामला सुनने से पीछे हट गई थीं। वह बंगाल से ही थीं। तब तृणमूल कांग्रेस समर्थकों की भीषण अराजकता के चलते बंगाल से कई लोग जान बचाकर असम में शरण लेने को मजबूर हुए थे। उन्हें महीनों तक वहीं रहना पड़ा था। कहना कठिन है कि वे सब अपने घरों को लौट पाए थे या नहीं। यह कहना तो और भी कठिन है कि मुर्शिदाबाद हिंसा के जो पीड़ित जान बचाने के लिए मालदा और अन्यत्र शरण लेने को मजबूर हुए हैं, वे अपने घरों को लौट सकेंगे या नहीं। यह कहना इसलिए अधिक कठिन है, क्योंकि एक तो खुद पलायन करने वाले अपनी वापसी को लेकर सुनिश्चित नहीं और दूसरे, तृणमूल कांग्रेस के नेता यह समझाने में लगे हुए हैं कि हिंसाग्रस्त इलाकों में सब ठीक है। कुछ तो मुर्शिदाबाद की अराजकता को सीमा सुरक्षा बल की साजिश बता रहे हैं। यह तो गनीमत रही कि कलकत्ता हाईकोर्ट ने मुर्शिदाबाद में केंद्रीय बलों की तैनाती के आदेश दिए, अन्यथा वहां कुछ इलाके हिंदुओं से विहीन भी हो सकते थे। मुर्शिदाबाद बांग्लादेश से सटा वह जिला है, जहां हिंदू आबादी घटते-घटते 33 प्रतिशत रह गई है। अगली जनगणना में वह और घट जाए तो हैरानी नहीं। इसलिए और नहीं, क्योंकि आबादी के असंतुलन के मामले में बंगाल के कुछ इलाके बांग्लादेश की राह पर हैं। स्थिति तब तक नहीं बदलेगी, जब तक पीड़ित लोग आत्मरक्षा के लिए सक्रिय नहीं होते और अन्याय के प्रतिरोध के लिए खुद को सक्षम नहीं बनाते। अपना अस्तित्व बचाने के लिए उन्हें ऐसा करना ही होगा, क्योंकि मुर्शिदाबाद सरीखी आतंक भरी अराजकता में सुरक्षा बल जब तक दखल देते हैं, तब तक नुकसान हो चुका होता है और अक्सर वह स्थायी होता है। लोग अपने ही देश में शरणार्थी बन जाते हैं। कश्मीर घाटी से भगाए गए कश्मीरी हिंदू आज तक अपने घरों को नहीं लौट सके हैं। मुर्शिदाबाद की हिंसा के दौरान पुलिस जिस तरह मूकदर्शक बनी रही, वह कोई नई बात नहीं। वैसे तो हर राज्य की पुलिस वहां की सरकार के दबाव-प्रभाव में ही काम करती है, लेकिन बंगाल पुलिस ने खुद को एक तरह से तृणमूल की शाखा में तब्दील कर लिया है। वहां के डीजीपी वही राजीव कुमार हैं, जिनके घर जब सीबीआई ने सारदा घोटाले की जांच में हेराफेरी करने के आरोप में छापा डाला था तो ममता बनर्जी धरने पर बैठ गई थीं। लोकसभा चुनाव के समय चुनाव आयोग ने उन्हें डीजीपी पद से हटा दिया था, पर चुनाव निपटते ही ममता ने उन्हें बहाल कर दिया। मुर्शिदाबाद में नए वक्फ कानून का विरोध कथित तौर पर वक्फ की जमीन बचाने के लिए किया गया, लेकिन वह दूसरों को उनकी जमीन से बेदखल करने में तब्दील हो गया। साफ है कि वक्फ कानून का विरोध अराजकता फैलाने का बहाना ही था। मुर्शिदाबाद इसका शर्मनाक उदाहरण है कि भारत का शासन तंत्र किस तरह भारत भूमि में ही घुटने टेकने को मजबूर हो जाता है। आखिर ऐसा असहाय-निरुपाय शासन तंत्र अपनी जान बचाकर भागे लोगों को फिर से अपने घरों को लौटने का साहस और संबल कैसे दे सकता है। बंगाल में कानून का शासन नहीं, बल्कि वहां शासन करने वालों का कानून है, यह निष्कर्ष राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का था, जिसने 2021 के विधानसभा चुनाव बाद हुई हिंसा की छानबीन की थी। मुर्शिदाबाद की हिंसा इसकी पुष्टि करती है कि बंगाल में आज भी कानून का शासन नहीं है। वक्फ कानून विरोधियों का दुस्साहस किस तरह बढ़ा हुआ है, इसे इससे समझा जा सकता है कि वे राज्य के अन्य हिस्सों में भी उपद्रव कर रहे हैं और इस दौरान पुलिस को भी निशाना बना रहे हैं। यदि सुप्रीम कोर्ट बंगाल में दखल नहीं देता नहीं तो वक्फ कानून विरोधियों ने जैसा उत्पात मुर्शिदाबाद में मचाया, वैसा ही देश के दूसरे हिस्सों में देखने को मिल सकता है। इसकी अनदेखी न की जाए कि नागरिकता संशोधन कानून के विरोध में आगजनी और तोड़फोड़ का सिलसिला सबसे पहले बंगाल से ही शुरू हुआ था। फिर ऐसा ही देश के दूसरे हिस्सों में भी देखने को मिला था। पता नहीं केंद्र सरकार बंगाल में किस तरह हस्तक्षेप कर सकती है, लेकिन कम से कम इतना तो हो ही सकता है कि प्रधानमंत्री मुर्शिदाबाद से जान बचाकर मालदा में शरणार्थी बन गए लोगों से मिलने जाएं। यदि गुजरात दंगों के पीड़ितों से मिलने अटल बिहारी वाजपेयी जा सकते हैं और मुजफ्फरनगर दंगा पीडितों के आंसू पोछने मनमोहन सिंह तो मुर्शिदाबाद की भयावह हिंसा के शिकार लोगों से मिलने प्रधानमंत्री मोदी क्यों नहीं जा सकते। यह ध्यान रहे कि मुर्शिदाबाद की हिंसा दंगा नहीं है। यह अगस्त 1946 की डायरेक्ट एक्शन डे की याद दिलाने वाली बर्बरता है।

Social Media Corner

सच के हक में...

आज जब मैं झारखंड मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष पद का दायित्व संभाल रहा हूँ, तो मेरे मन में अनेक भावनाएं उमड़ रही हैं। यह कोई साधारण पद नहीं, बल्कि झारखंड की जनता के सपनों, संघर्षों और आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व है। आदरणीय बाबा, हमारे संरक्षक आदरणीय शिबू सोरेन जी ने जिन विचारधाराओं छांव तले झामुमो की नींव रखी थी, आज उसे आगे बढ़ाने का अवसर मिलना मेरे लिए गर्व का क्षण है। मैं विनम्रतापूर्वक इस जिम्मेदारी को स्वीकार करता हूँ और प्रण लेता हूं कि झारखंड के हर गांव, हर गरीब, हर वंचित और हर युवा की आवाज बनूंगा। हमारी पार्टी का इतिहास संघर्षों से भरा है, लेकिन हमारा संकल्प अडिग है। आज फिर से हमें एकजुट होकर झारखंड की अस्मिता, विकास और न्याय के लिए संघर्ष करना है। मैं सभी कार्यकर्ताओं, नेताओं और झारखंडवासियों से वादा करता हूं, आपका विश्वास कभी टूटने नहीं दूंगा।

(सीएम हेमंत सोरेन का 'एक्स' पर पोस्ट)

नेशनल हेराल्ड घोटाले में जमानत पर बाहर राहुल गांधी और सोनिया गांधी को यह भ्रम नहीं पालना चाहिए कि अब वो धरना प्रदर्शन और केंद्र सरकार पर दबाव डालने का प्रयास कर अपने पापों को छुपा लेगी। झारखंड में हेमंत सोरेन भी भाड़े की भीड़ इकट्ठा करने और ईडी अधिकारियों पर फजी मुकदमें दायर कर जमीन घोटालों की जांच प्रभावित करने का विफल प्रयास कर चुके हैं।

(बाबूलाल मरांडी का 'एक्स' पर पोस्ट)

गांवों में आज भी मजबूत है सामाजिक रिश्तों की डोर

